

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 13 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-166 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 सितंबर 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112



# ट्रेनें रद्द किये जाने के विरोध में पटरी पर लेट गए कांग्रेसी

## प्रदेश भर में कांग्रेस का रेल रोको आंदोलन, रेलवे की वार्ता का प्रस्ताव ठुकराया

**रायपुर,13 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ से चलने वाली कई ट्रेनों को रदद् करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने आज से रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है. प्रदेश के कई जगहों पर पटरी पर लेट नारेबाजी कर कांग्रेसियों ने गुस्से का इजहार किया.

आंदोलनकारियों की पुलिस से झूमाझटकी हुई।पुलिस ने आंदोलनकारियों को पटरी से उठाया और अपने साथ ले गई।

आंदोलन में विधायक सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय,कुलदीप जुनेजा,अनिता शर्मा सभापति प्रमोद दुबे,महापौर एजाज ढेबर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, पंकज शर्मा,ज्ञानेश शर्मा, महेन्द्र छाबड़ा, राजेन्द्र जग्गी सहित कई कांग्रेसियों ने भाग लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दो साल से अधिक हो गए लेकिन केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों का दुख दर्द नही समझ पा रही. भाजपा के नौ सांसद भी हाथ पर हाथ धरे चुप्पी साधे बैठे हैं लेकिन वे रेलें रदद करने का विरोध नही कर पा रहे. इसलिए कांग्रेस ने रेल रोको आंदोलन शुरू किया. त्योहार के अवसर पर ट्रेनों को रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी की ओर से आज प्रदेश स्तर पर रेल रोको आंदोलन किया जा रहा है. बिलासपुर से लेकर महासमुंद तक कांग्रेस पार्टी के नेता-कार्यकर्ता रेलगाड़ियों को रोककर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं. बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने करगी रोड कोटा रेलवे स्टेशन में सुबह अप और डाउन दोनों लाइन पर मालगाड़ियों को रोका गया. पटरी में लेटकर रेलवे और केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी करते हुए रेलवे को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया गया. इसी तरह महासमुंद में कांग्रेसी कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल के नेतृत्व महासमुंद रेलवे स्टेशन में रेल रोको आंदोलन के लिए पहुंचे. आरपीएफ व छत्तीसगढ़ पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मेन गेट पर ही रोक दिया, जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता मेन गेट पर ही नारेबाजी कर रहे हैं. बता दें कि रेल रोको आंदोलन के मद्देनजर रेलवे ने कांग्रेस के समक्ष वार्ता का प्रस्ताव रखा था, जिसे पार्टी के नेताओं ने ठुकरा दिया. रेलवे की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में यात्री सुविधाओं में की जा रही वृद्धि का जिक्र करने के साथ कोरोना काल में बंद ट्रेनों को फिर से चालू, अन्य ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने और ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने का जिक्र किया गया था.

विधानसभा चुनाव ने दस्तक दे दी है. ऐसे समय में पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों ने रेल रोको आंदोलन शुरू कर भाजपा नेताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. दरअसल कोरोनाकाल के समय से ही छत्तीसगढ़ की जनता रेलें रदद होने, सुविधाएं कम होने से परेशान है. इसका कई बार विरोध भी किया गया लेकिन केंद्र में कोई सुनवाई नही हुई. हाल यह हैं कि सांसद सुनील सोनी ने जिस दिन केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकाता की उसके दूसरे ही दिन एक दर्जन ट्रेनें रदद कर दी गईं. ऐसे में जनता ने कांग्रेस की ओर रूख किया है और कांग्रेस भी उसके गुस्से को भुनाना चाहती है.



## संक्षेप

### आईएएस अफसर व प्रमुख सचिव का फेसबुक एकाउंट हैक

**रायपुर,13 सितंबर।** वरिष्ठ आईएएस अफसर और प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुवा का फेसबुक एकाउंट हैकर्स ने हैक कर लिया है। अपने पद की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पिंगुवा ने अपने वाट्सएप पर हैक होने की सूचना दी है ।उन्होने लोगों से आगाह किया है कि उनके एकाउंट से कोई भी संदेहास्पद मैसेज आए तो रिप्लाई न करें।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**कांकेर,13सितंबर।** कांकेर जिले के दुधावा रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरियारा और करप गांव के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने दो युवकों को कुचल दिया. इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. अभी तक युवकों की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी गुस्सा है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया. युवक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है. पुलिस से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

### मदिरा दुकान के सामने तलवार लहराने वाले 2 बंदी

**बालोद,13 सितंबर।** जिले के गुरुर देशी मदिरा दुकान के सामने तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि दोनों बदमाश धारदार हथियार लेकर शराब लेने आए ग्राहकों से शराब



पिलाने की मांग कर रहे थे. पुलिस ने आरोपियों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर दोनों को जेल भेज दिया है. पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी धारदार हथियार दिखाकर मदिरा दुकान आनेजाने वाले लोगों को शराब पिलाने के लिए मजबूर कर रहे थे. जिसकी शिकायत मिलने पर तत्काल गुरुर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने आरोपी देवमल पटेल और अशोक ध्रुव को हिरासत में लिया. उसके बाद दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया.

# व्यापारी से 9.50लाख रुपये बरामद

**भिलाई,13 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में इसी साल के आखिरी महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। पुलिस लगातार अवैध गतिविधियों पर नजर बनायी हुई है। इसी कड़ी में छावनी थाना पुलिस ने बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यापारी से साढ़े 9 लाख रुपए का कैश बरामद किया है। रकम को लेकर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही हेतु आयकर विभाग को पत्र प्रेषित किया है छावनी टीआई निरीक्षक नवी मोनिका पाण्डेय ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पावर हाउस चौक



पर 12 व 13 सितम्बर की दरम्यानी रात आने - जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही इनोवा कार सीजी 07 बीआर 6099 को रोक कर तलाशी ली गई। इसमें एक बैग मिला। बैग खोलकर देखा गया तो उसमें 9 लाख 50 हजार रुपए बरामद किया गया। वाहन में सवार वैशाली नगर भिलाई निवासी पेशे से व्यापारी दिनकर बटोतिया से रकम को लेकर पूछताछ की गई। लेकिन व्यापारी के द्वारा रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। लिहाजा पुलिस ने धारा 102 के तहत रकम को जब्त कर अग्रिम कार्यवाही के लिए आयकर विभाग को पत्र लिखा है गौरतलब रहे कि एसपी दुर्ग शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव को मद्देनजर जिलें के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को दीगर प्रान्त से आने वाली अवैध शराब, मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने वाहन चेकिंग अभियान चलाने की हिदायत दी गई है।

# यात्री बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 11 की मौत

**जयपुर,13सितंबर।** राजस्थान के भरतपुर में भीषण हादसा हो गया है. हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना में 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद लखनपुर, नदबई, हलैना और वैर थाने के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना लखनपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 21 पर हंतारा के पास सुबह 5.30 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में छह महिला और पांच पुरुष शामिल हैं। सभी मृतक भावनगर (गुजरात) निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार बस भावनगर से मथुरा जा रही थी। सुबह भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक बस खराब हो गई। ड्राइवर और उसके साथी समेत अन्य यात्री भी बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी



बस को सही कर रहे थे कि इसी दौरान ट्रक ने टक्कर मारी और किनारे खड़े लोगों को कुचलते निकल गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के ड्राइवर ने सड़क पर पड़े बेसुध लोगों को देखा तो पुलिस को कॉल किया और एम्बुलेंस को बुलाया। सभी के शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

# कार से नोटों की गड्डियां और बस से साड़ियां बरामद



**बिलासपुर,13 सितंबर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भर में पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है. पुलिस की लगातार कार्रवाई से अब करोड़ों रुपये कैश, साड़ियां और शराब जब्त किये गए हैं. वहीं चेकिंग अभियान के दौरान बिलासपुर पुलिस ने क्रेटा कार से 20 लाख रुपये कैश और साड़ियों की गठरी जब्त किया है. ये दोनों कार्रवाई अलग-अलग थाना क्षेत्र में की गई है. पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है. तारबाहर थाना क्षेत्र के व्यापार विहार मार्ग पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी. इस दौरान एक व्यक्ति के क्रेटा कार से 20 लाख रुपए बरामद हुए, जिसके संबंध में वैधानिक जवाब नहीं मिलने पर उक्त रकम को जब्त कर लिया गया. मामले में धारा 102 के तहत रकम जब्त कर तारबाहर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है. वाहन चेंकिंग के दौरान सकरी पुलिस ने जब्त की 201 नग साड़ियां जब्त की है. जप्त साड़ियों की कीमत करीब 1 लाख रुपए है. पुलिस ने बस की डिक्की को चेक किया, जिसमें दो बोरी में भरी साड़ियां मिली. साड़ियों को नया बस स्टैंड बिलासपुर में लोड करा कर तखतपुर तक छोड़ने बोला गया था. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# ट्रेन में बेहोश मिले पति-पत्नी

### दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस में जहरखुरानी की वारदात

**तिल्दा नेवरा ,13 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दुर्ग कानपुर एक्सप्रेस में उसलापुरा के पास कल दोपहर जहर खुरानी की घटना सामने आई है तिल्दा आरपीएफ पुलिस ने बेहोशी की हालत में दोनों पति-पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में भर्ती कराया है। मिली जानकारी अनुसार तिल्दा ब्लॉक के ग्राम बेमता निवासी राजेंद्र साहू व उसकी धर्मपत्नी कुमारी साहू कमाने खाने के लिए कानपुर गए थे एवं वहां से आज दुर्ग कानपुर एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी नंबर एस 2 के बर्थ नंबर 17, व 20 में सवार होकर वापस तिल्दा आ रहे थे बताया जा रहा है की उसलापुर के पास किसी ने उन्हे चाय में जहर दे दिया, जिससे दोनों पति पत्नि बेहोश हो गए। बताया जा रहा है कि बर्थ में टीईटी एके नंदा ने दोनो पति पत्नि को बेहोशी की हालत में देखा और उक्त टीईटी के द्वारा आरपीएफ कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी गई, और कंट्रोल रूम से तिल्दा आरपीएफ पुलिस को इसकी जानकारी दी गई जहां पर तिल्दा आरपीएफ आउट पोस्ट थाना के एएसआई बीरबल सहित आरपीएफ टीम उक्त एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी एस 2 में जाकर बेहोश दोनो पति पत्नि को तिल्दा रेल्वे स्टेशन में उतरकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है, जहां दोनों पति पत्नि का उपचार जारी है, साथ ही बता दें कि उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। इधर घटना के बाद आरपीएफ पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।



### यूएस ओपन-2023,जोकोविच ने बनाया कीर्तिमान,कोको बनी नई महिला सितारा

# नित नई उभरती महिला खिलाड़ी कर रहीं कमाल

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

आधुनिक युग के प्रमुख लोकप्रिय खेलों में क्रिकेट, फुटबाल, एथलेटिक्स,निशानेबाजी, तैराकी, नौकायन आदि के साथ लान टेनिस भी 19 वीं सदी के उत्तरार्ध से खेला जा रहा है परंतु व्यवस्थित खेल स्पर्धाओं का उल्लेख करें तो क्रिकेट,फुटबाल,लॉन टेनिस का अन्य खेलों से कोई मुकाबला नहीं। क्रिकेट के विश्वस्तरीय प्रतियोगिता का आरंभ इंग्लैंड विरूद्ध आस्ट्रेलिया के बीच आस्ट्रेलिया के मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड में 15 से 19 मार्च 1877 तक खेले गये टेस्ट मैच से हुआ जो आज भी जारी है। 1858 में गठित मेलबोर्न फुटबाल क्लब ने 1881 को आस्ट्रेलियन रूल्स फुटबाल के अंतर्गत गीलांग के बीच मैच खेला।



आज भी आस्ट्रेलियन फुटबाल लीग में यह क्लब भाग लेता है। इसी तरह टेनिस में आज इंग्लैड लान टेनिस एंड क्रोक्वेट क्लब की स्थापना 1868 में हुई। आगे चलकर 1877 से विंबल्डन चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है जो आज भी जारी है। टेनिस की बात करें तो अब इसकी चार प्रमुख प्रतियोगिताएं होती हैं। विंबल्डन की शुरुवात 1877 यूएस ओपन 1881 से फ्रेंच ओपन 1891( राष्ट्रीय) 1925 से विश्व स्तरीय. आस्ट्रेलियन ओपन1905 से आरंभ हुई। उपरोक्त चारों स्पर्धाओं को अत्यंत महत्वपूर्ण दर्जा दिया गया है। जिन्हें अब ग्रेंड स्लेम चैंपियनशिप कहा जाता है। टेनिस के खेल में कदम रखने वाले प्रत्येक खिलाड़ी का सपना होता है कि खेल जीवन के दौरान एक ना एक ग्रेंड स्लेम जरुर जीत ले। हाल ही में यू एस ओपन चैंपियनशिप संपन्न हुई। इसमें सार्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फायनल में रुस के डेनिल मेदवेदेव को पराजित करके खिताब को अपने नाम कर लिया। जोकोविच अपने अन्य दो समकालीन साथी खिलाड़ियों रोजर फेडरर,रॉफेल नाडल को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग में एकल चैपियन बनते ही ओपन एरा में 24 ग्रेंड स्लेम जीत लिया। उन्होंने महिला खिलाड़ी सेरेना विलियम्स के 23 ग्रेंड स्लेम जीतने के रिकार्ड को तोड़ते हुए 24 ग्रेंड स्लेम टाइटिल हासिल करने वाले अद्भुत खिलाड़ी बन गये हैं। हालांकि ओपन ऐरा और प्रोफेशनल टेनिस युग की खिलाड़ी मार्गरेट कोर्ट ग्रेंड स्लेम की 24 टाइटिल पर कब्जा जमाया है परंतु 1969 में ओपन ऐरा प्रारंभ होने के पूर्व मार्गरेट कोर्ट ने 13 खिताब जीत लिये थे। इस तरह जोकोविच टेनिस जगत के महानतम खिलाड़ी होने से सिर्फ एक कदम दूर है। फायनल में जिस तरह जोकोविच ने अपने युवा प्रतिद्वंद्वी डेनिल मेदवेदेव को पछाड़ा उससे स्पष्ट है कि 22 मई 1987 को बेलग्रेड सर्बिया में जन्म लेने वाले 36 वर्षीय जोकोविच में दमखम बाकी है। 2003 से टेनिस के कोर्ट में उतरने वाले जोकोविच पिछले करीब 20 वर्ष से लगातार टेनिस खेल रहे हैं। अन्य खेलों की तरह ही टेनिस में भी खिलाड़ी के फिटनेस का विशेष महत्व होता है। इसी तरह यूएस ओपन के महिला वर्ग में काफी उतार चढ़ाव को मिला। 6 वीं वरीयता प्राप्त 19 वर्षीय अमेरीकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने महिला वर्ग का टाइटिल पहली बार अपने नाम कर लिया है। 5 फीट 9 इंच ऊंची इस युवा खिलाड़ी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। हालांकि पिछले 10-12 वर्षों में महिला टेनिस में एक से एक प्रतिभाएं आई परंतु अपनी पोजिशन को बनाए रखने में असफल रही। 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद 2015 में फ्लाविया पेनेटा, 2016 में अंजेलिक केरबर, 2017 में स्लोने स्टीफंस,2018 में नाओमी ओसाका, 2019 में वियंका एंड्रेसू,2020 में नाओमी ओसाका,2021 में इम्का राडुकानू, 2022 में इगा स्वीटेग ने खिताब जीता। इस तरह देखना होगा कि नई चंपियन कोको किस तरह अपने आपको जीत की हकदार बनाए रखेंगी।

# डीएमके नेता राजा ने हिंदू धर्म को दुनिया के लिए बताया खतरा

**नई दिल्ली,13 सितंबर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन द्वारा दिए गए बयान को लेकर विवाद अब तक जारी है। इस विवाद के बाद डीएमके नेता भी विवादित बयान दिए जा रहे है। ए राजा के बिगड़े बोल पर अब भी लगाम नहीं लग रही है। ए राजा इस मामले पर बवाल लगातार बढ़ाए जा रहे है। सनातन धर्म पर हेट स्पीच लगातार दी जा रही है।

सनातन धर्म की एड्स और कुष्ठ रोग से तुलना किए जाने के बाद अब एक टीवी कार्यक्रम में ए राजा ने सनातन धर्म को दुनिया के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जाति नाम की वैश्विक बीमारी दुनिया भर में फैली हुई है जिसका कारण भारत है। जाति के नाम पर लोगों को बांटा गया। इसका सामाजिक भेदभाव के लिए इस्तेमाल नहीं हो सकता है। बता दें कि इस बयान का वीडियो तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के अन्नामलाई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में ए राजा कहते दिख रहे हैं कि भारत जातियों के नाम पर वैश्विक बीमारी का कारण है। जाति के नाम पर हिंदू धर्म का प्रचार हो रहा है जो सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने हिंदू धर्म के संबंध में द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद ए राजा की कथित टिप्पणी को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा। अन्नामलाई ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पर राज्य में लोगों के बीच विभाजन पैदा करने और नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि द्रमुक सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजा ने अपनी पार्टी द्वारा की गई गलतियों के लिये सनातन धर्म को दोषी ठहराने की 'धृष्टता' की। भाजपा नेता ने कहा, ''द्रमुक सांसद राजा ने हिंदू धर्म को भारत और दुनिया के लिए खतरा बताया है। द्रमुक तमिलनाडु में जातियों के बीच विभाजन और नफरत का प्रमुख कारण है। इससे पहले ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना एचआईवी से की थी। एक बयान में ए राजा ने कहा कि सनातन धर्म सामाजिक बीमारी है। यह कुष्ठ रोग और एचआईवी से भी ज्यादा घातक है। गौरतलब है कि इससे पहले दो सितंबर को डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही थी, जिसके बाद उनके बयान पर काफी बवाल हुआ था। इस बयान की देश भर में आलोचना की गई है। इस बयान के बाद बीजेपी नेता अमिल मालवीय ने भी ट्वीट कर उनके बयानों की निंदा की थी।

# पंडरिया विधायक ममता ने विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 सितंबर।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आज लोहारा विकासखंड में पंडरिया लोकप्रिय विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर के द्वारा ग्राम धर्मगढ़ में 28.51 लाख की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण मुक्तिधाम में बाउंड्री बाल निर्माण लागत 7 लाख का भूमि पूजन सामुदायिक भवन निर्माण लागत 5 लाख का लोकार्पण हाई स्कूल में साइकिल स्टैंड निर्माण लागत 2 लाख का लोकार्पण हाई स्कूल में रंग मंच निर्माण लागत ?2लाख का लोकार्पण मुक्तिधाम रोड निर्माण लागत 6.14 लाख का लोकार्पण माननीय विधायक जी के द्वारा किया गया विधायक पहुंचते ही ग्राम वासियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया विधायक श्रीमती चंद्राकर ने कहा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होती है कार्यकर्ताओ के ही बदौलत सरकार सत्ता में आती है उन्होंने ने कहा हमारी सरकार ने राज्य चाहु मुखी विकास कराए है भूपेश सरकार ने जनता से जो वायदे किए थे वो पूरा किया भूपेश सरकार के राज में बेरोजगारी दर में कमी आई कांग्रेस सरकार किसानों की कर्जा माफ किया 2500 रु समर्थन मूल्य में धान खरीदी की गई किसानों का जल कर माफ किया 5 डिसमिल से कम जमीनों की बंद रजिस्ट्री शुरू की गई लोहारी गुड़ा में आदिवासी किसानों की अधिग्रहित जमीन वापस लगभग 5 लाख से अधिक वन अधिकार पट्टा का पुनरीक्षण कर पट्टा वितरण आबटन भूमिहीन कृषि मजदूरों की आय सुनिचित करने राजीव गांधी ग्रामीण कृषि न्याय योजना से 7000 रु प्रतिवर्ष फलदार वृक्षों की खेती करने वाले किसानों को प्रति वर्ष 10 हजार रु की सहायता युवाओं के लिए शासकीय नौकरी के द्वारा खोले गए शिक्षको प्राध्यपको सहित विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती शुरू आउट



सोर्सिंग बंद किया गया 14580 नियमित शिक्षको की भर्ती उच्च शिक्षा में 1500 प्रोफेसर भर्ती स्वास्थ्य विभाग में भर्ती 400 यूनिट तक बिजली हॉफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एव मध्यान्ह भोजन रसोइया के वेतन में वृद्धि प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड 4 साल में 5 लाख युवाओं को रोजगार दिया और आने वाले 5 सालो में 15 लाख युवाओं को रोजगार देने छत्तीसगढ़ रोजगार का गठन किया राजीव युवा मितान क्लब के अंतर्गत 13269 कल्बो की 132.69 करोड़ का अनुदान राशि देकर युवाओं के समग्र विकास के मार्ग खोले वही आगामी धान खरीदी प्रति किंवटल 2800 रु समर्थन मूल्य के हिसाब से धान खरीदी करेगा धान की खरीदी प्रति एकड़ 15 कीवटल से बढ़ाकर 20 किवटल हो जायेगा नीलू ने आगे अपने उद्बोधन में कहा भूपेश सरकार धार्मिक क्षेत्रों में भी अवदुतीय कार्य किया जैसे श्रीराम वन गमन पथ का निर्माण कौशील्या माता मंदिर निर्माण छत्तीसगढ़ की संस्कृति व तीज त्यौहार को बढ़ावा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शासकीय विद्यालय खोले गए । कार्यक्रम में विशाल संख्या ग्रामीण एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता

## शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति की तरफ बढ़ रहा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा

**उतई।** दुर्गग्रामीण विधानसभा विधायक ताम्रध्वज साहू के प्रयास से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 19 ग्राम पंचायतों में हायर सेंकडरी, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल नवीन भवनों के लिए लगभग 20 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृति की गई है। ग्राम पंचायतों में संचालित स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक प्रबंधन के लिए करोड़ों रुपये की सौगात मिलने पर संबंधित ग्राम पंचायतों के पंच सरपंच एवं कार्यकर्ताओ ने मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति अभार व्यक्त किया है इन ग्राम पंचायतों के स्कूलों में बनेगा नवीन भवन धनोरा भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,खोपली भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,बेलौदी भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,कातरो भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,कुथरेल भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,मतवारी भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,विनायकपुर भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,निकुम भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,पुरई भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,स्टेशन मरोदा भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल, डुण्डेरा भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल,उतई भवन निर्माण शा.हायर सेकंडरी स्कूल कन्या ,रूदा भवन निर्माण शा.हाई.स्कूल ,बोरई भवन निर्माण शा.हाई स्कूल ,कोलिहापुरी भवन निर्माण शा.हाई.स्कूल ,मोहलई भवन निर्माण शा.हाई.स्कूल ,गनियारी भवन निर्माण शा.हाई.स्कूल,करगाडीह भवन निर्माण कार्य शा.मिडिल स्कूल महमरा 03 अतिरिक्त कक्ष निर्माण आवास पारा प्रोन्नत शाला भवन बनेगी।

## राजनीति के चलते अपने धर्म को नीचा दिखाने वाले तत्वों को पाटन की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी:हर्षा

**उतई, 13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के एक ट्वीट के माध्यम से दिए गए बयान को कांग्रेस मुद्दा बना रही है और जगह जगह उसका पुतला फुंकने की बात कह रही है। मगर इन्ही कांग्रेसियो की संवेदना तब क्यों नहीं जागती, जब कांग्रेस नीत आईएनडीआईए गठबंधन के नेता सनातन धर्म की तुलना एड्स व कोरोना जैसे बीमारियों से करती है। क्या इस क्षेत्र के कांग्रेसियों को अपने सनातनी होने पर गर्व नहीं है? जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने एक बयान जारी कर कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री डीएमके नेता एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि ने सनातन धर्म को मिटाने की खुले मंच में घोषणा की। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खड़गे ने भी उनके बयान का समर्थन किया। बात यहीं खत्म नहीं हुई, बल्कि डीएमके संसद ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना ऐडस, कोरोना जैसे बीमारियों से कर दी। आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल नेताओं के उक्त बयानों ने हर एक सनातनी का दिल दुखाया। मगर कांग्रेस लगातार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रही। श्रीमती चंद्राकर ने पूछा कि विपक्षी गठबंधन के बयान पर कांग्रेस चुप क्यों है? अब कांग्रेस की संवेदना कहां मर गई । जब सनातन धर्म पर खुले आम आक्षेप लगाया जा रहा है और आईएनडीआईगठबंधन के लोग सनातन को मिटा देने की बात कर रहे हैं तो क्या कांग्रेस उनकी बातों का समर्थन करती है। स्थानीय कांग्रेस अजय चंद्राकर के उस बयान पर बड़ा विरोध जता रही है जिसमें उन्होंने कहा था कि पुरातात्विक खुदाई में पाटन क्षेत्र में पासा मिला हैं । इससे लगता है कि पूर्व कल से ही पाटन के लोग जुआ और पासा जैसे खेलों में रुचि लेते रहे हैं । यह एक सामान्य बयान था



जबकि डीएमके नेता और कांग्रेस के नेता ऐसे ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे आम सनातनी का हृदय विदीर्ण को चला है। आज कांग्रेस बताएं, क्या वह सनातनी को मिटा देने का बयान देने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस सनातन धर्म की तुलना ऐडस, कोरोना हैजा जैसे रोगों से करने वालों के साथ खड़ा है? हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने कहा कि सनातन का इतिहास 10 हजार सालों से भी पुराना है। यह एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है। आज पूरी दुनिया इसे स्वीकार कर रही है ।दूसरी ओर कांग्रेस सनातन का विरोध कर न जाने क्या दिखाना चाहती है ।जबकि छत्तीसगढ़ के लोगों के रग रग में सनातन रचा बसा हुआ है ।उन्होंने कहा कि राजनीति के चलते अपने धर्म को नीचा दिखाने वाले तत्वों को पाटन क्षेत्र की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। आने वाला समय बतायेगा कि पाटन क्षेत्र की जनता सनातन के अपमान को सहन नहीं कर सकती। हमें अपने सनातन होने पर गर्व है, गर्व होना चाहिए और गर्व रहेगा। कई विदेशी आक्रांता इस भारत भूमि पर आक्रमण करने आए सनातन को मिटाने का प्रयास किया लेकिन इतिहास गवाह है कि सनातन को मिटाने वाले आज खुद मिट गए और सनातन चिर स्थाई प्रवाहमान बना हुआ है। अगर कांग्रेसी अजय चंद्राकर का एक भी जगह पुतला जलाती है तो भाजपाई भी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का पुतला फूंकने में पीछे नही रहेंगे।

## एक नजर

### टाउनशिप में डेंगू नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों में लाई गई तेजी

**भिलाई,13 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से डेंगू नियंत्रण हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान विगत कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है। डेंगू के सर्वे में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा सेक्टर-2, 5, 6, 8, 9, 10 तथा हॉस्पिटल सेक्टर के साथ ही पूरे टाउनशिप में सघनता के साथ जांच कार्य किया जा रहा है। साथ ही सेक्टरों में फागिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी द्रुतगति से किया जा रहा है जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके।12 सितम्बर के रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 1425 घरों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें से 1170 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में लार्वा पाए गए 163 घरों में दवाओं का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 98 घरों में स्प्रे किया गया तथा 748 घरों में टेमीफोस दवा का वितरण किया गया। विशेषकर इस अभियान के माध्यम से डेंगू के संभावित क्षेत्रों एवं मरीजों का सर्वेक्षण कर संदिग्ध क्षेत्र की लगातार मॉनिटरिंग कर फॉगिंग व स्प्रे कार्य किया जा रहा है। भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के रहवासियों को टेमीफोस का वितरण कर, साफ-सफाई रखने, वर्षा जल को जमा न होने देने, मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इस्पात नगरी क्षेत्र के सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे सतर्क हो जाएं और मच्छरों और लार्वा को समाप्त करने के लिये सामूहिक रूप से निरंतर प्रयास करें।

### जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र में मनाया गया विश्व फिजियोथैरेपी दिवस



**भिलाई,13 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र के सेक्टर-09 अस्पताल के तत्वाधान में इस्पात भवन सभागार में दिनांक 12 सितम्बर 2023 को विश्व फिजियोथैरेपी दिवस कार्यक्रम मनाया गया 7 इस अवसर पर एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित की गयी, जिसका उद्देश्य जनसामान्य को योग, व्यायाम और उचित आहार के प्रति जागरूक करना था, जिससे वर्तमान की भाग-दौड़ भरी जीवनशैली के बीच अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके। कार्यक्रम में डॉ विवेक, डॉ विकास पांडे, डॉ श्वेता शर्मा और डॉ विजी पिल्लै का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुपम लाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान फिजियोथैरेपिस्ट डॉ श्वेता शर्मा ने योग और व्यायाम के लाभकारी पहलुओं से उपस्थित जन-सामान्य को अवगत कराया और योग को रोगों से मुक्त रहने का मंत्र बताया7 इसके बाद डाईटिशियन डॉ विजी पिल्लै ने मानव जीवन में उचित आहार के महत्व को बताते हुए, आहार में लापरवाही के कारण होने वाले बीमारियों से अवगत कराया।

### भिलाई पावर हाउस स्टेशन में 26.2 करोड़ की लागत से होगा यात्री सुविधाओं का पुनर्विकास

**भिलाई,13 सितंबर।** रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी चल रही है । अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा देश के 1200 स्टेशनों पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 9 स्टेशन शामिल थे, इसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अकलतरा, तिलदा नेवरा, भिलाई पावर हाउस, गोंदिया, वडसा, चांदाफोर्ट स्टेशन शामिल थे। रेलवे स्टेशनों को विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इसके अंतर्गत स्टेशन पर उन्नत व आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉल का प्रावधान किया जाएगा। यात्रियों को दी जाने वाली जरूरी सुविधाओं में खान-पान, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट, वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज आदि शामिल होंगे। इन स्टेशनों को विश्वस्तरीय रूप देते हुए ग्रीन स्टेशन का रूप दिया जाएगा, जहां प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का प्रावधान होगा। स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं होंगी।

स्थानीय कला और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के डिजाइन तथा स्वरूप का उन्नयन किया जाएगा। स्टेशन परिसरों को मनमोहक स्वरूप दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन सिटी के दोनों तरफ जुड़कर सिटी सेंटर की तरह विकसित किए जायेंगे।

# 24 घंटे के अंदर ही अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाताउ

उतई, 13 सितंबर। दिनांक 12.09.2023 को सुबह सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला का शव करगाडीह महुआरी भाठा के पास पडा हुआ है कि सूचना पर उतई पुलिस द्वारा रवाना होकर तत्काल घटना स्थल पहुंचने पर उक्त शव की तस्दीक कराने पर शव की पहचान जमुना बाई गोस्वामी निवासी बाबा पारा आदर्ष नगर उतई के होने से मृतिका की मां की रिपोर्ट पर मर्ग इंटिमेषन एवं अपराध दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया ।अधीक्षक दुर्ग श्री शलभ कुमार सिन्हा के दिषानिर्देष पर अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री अनंत कुमार साहू पुलिस के मार्ग दर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांष सिह राठौर के नेतृत्व में हमराह थाना प्रभारी उतई कपिल देव पाण्डेय, चैकी प्रभारी मचांदुर पुरूषोत्तम कुर्रे एवं अन्य हमराह स्टाफ के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों से एवं आसपास के लोगो से पुछताछ करने पर पता चला कि मृतिका जमुना बाई का प्रेम प्रसंग विगत दो वर्षो से मेषन ठेकेदारी का काम करने वाले यषवंत साहू निवासी पुरई से चल रहा था जिसके संबंध में पता करने पर घटना के बाद से ही गांव से फरार होने की जानकारी मिली कि शक एवं संदेह के आधार पर पुलिस के द्वारा संदेही यषवंत साहू की तलाष कर पकडे एवं पुछताछ करने पर बताया कि मैं मेषन ठेकेदारी का काम करता हूं मेरा परिचय मृतिका जमुना बाई गोस्वामी आदर्ष नगर उतई से करीब 03-04 वर्ष पूर्व हुआ है जमुना बाई मेरे साथ करीब 02 साल से लगातार मजदूरी काम करती थी इसी बीच हम दोनो का प्रेम संबंध हो गया फिर हम दोनो एक दुसरे से मिलने जुलने लगे थे एवं मृतिका के मोबाईल पर मैं अपने मोबाईल से बातचीत करता था मेरी पत्नि दामिनी साहू को हमारे प्रेम संबंध के बारे में जानकारी हो गया था जिससे मेरी पत्नि मुझसे नराज रहती थी करीब 01 वर्ष पूर्व जब मैं मेरी पत्नि दामिनी और मृतिका जमुना बाई ग्राम पुरई में साईट में काम कर रहे थे तब मेरी पत्नि मुझे और जमुना बाई को समझाते हुए बोली कि तुम लोग जो कर रहे हो गलत है इसी बात को लेकर मेरी पत्नि करीब 04-05 माह पूर्व से मुझे छोडकर अपने मायके भोथीपार चली गयी है तब से मैं परेषान रहता था एवं मृतिका



जमुना बाई जो मुझसे बार बार फोन करके मिलने कहती थी और खर्चा पानी के लिए पैसा भी मांगती थी जिस बात से मैं परेषान होकर जमुना बाई की हत्या करने का सोच लिया था । मैं तीन चार दिन पहले से ही सुपर सिक्सर कंपनी का नया ब्लेड को अपने पर्स में रखा था कि दिनांक 11.09.2023 को करीब 07.00 बजे शाम को मुझे फोन करके महुआरी भाठा करगाडीह मिल के पीछे बुलाई मैं घर से पैदल पहुंचा जमुना बाई वंही खेत के मेड में बैठी थी साथ में एक प्लास्टीक की खाली बाल्टी लेकर आयी थी बाल्टी क्यों लाये हो पुछने पर घर में शौच करने जा रही हूं बोलकर बहाना बनाकर आयी हूं बताई मैं भी उसके पास बैठा फिर जमुना मुझसे मेरे खर्चा पानी के लिए 04 हजार रूपया दो बोली मेरे पास पैसा नही है बोलने पर हम दोनो के बीच विवाद हो गया चुंकी मैं पहले से ही हत्या करने का मन बना चुका था इसलिए मैं जमुना बाई के ही गमछा से जमुना बाई के गला को कस दिया जमुना बाई छटपटाने लगी और मेरे चेहरे पर अपने हाथ से छोडाने की कोषीष की जिससे मेरे दाहिने एवं बांये आंख के नीचे खरोच लगा है । गला दबाने से बेहोष होकर नीचे गिर गई जिसे मैं खीचकर मेड के नीचे ले गया । फिर मैं अपने पर्स में रखे सुपर सिक्सर ब्लेड को पर्स से निकालकर जमुना बाई के गले में कई बार ब्लेड चलाकर काट दिया मैं अपने हाथ में लगे खुन को मृतिका जमुना बाई के गमछा से पोछा और घटना में प्रयुक्त सुपर सिक्सर ब्लेड को मेड के नीचे फेंका हूं तथा पैदल घर पहुंचकर सो गया। आरोपी को आज दिनांक 12.09.23 को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी यषवंत साहू के द्वारा घटना में प्रयुक्त किये गये हथियार ब्लेड और पहने हुए कपडे को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, उप निरी0 पुरूषोत्तम कुर्रे , सउनि मनहोहन साहू , सउनि नेमन सिंह साहू , सउनि मोह0 शरीफुद्दीन शेख , सउनि राजकुमार देषमुख, प्र0आर0 1052 हेमंत चंदेल, 1463 भिष्म नारायण साहू , आर0 1098 विजय कुर्रे, आर0 967 दुष्यंत लहरे आर0 जगेन्द्र साहू आर0 चुम्मन हरी नेताम , एसीसीयू के सउनि चंद्रषेखर सोनी , प्र0आर0 रोमन सोनवानी, सगीर खान आर0 राजकुमार चंद्रा , मेघराज चेलक, अष्वनी यदु, अजय ढीमर की सराहनीय भूमिका रही।

## कपड़ा दुकान की आड़ में नशे का कारोबार, चार गिरफ्तार



भिलाई, 13 सितंबर। भिलाई कपड़ा दुकान की आड़ में नशीली दवाइयों का अवैध कारोबार करने वाले चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों में एक अपचारी भी शामिल है। वहीं मुख्य आरोपित को कुछ महीने पहले ही आनलाइन सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार किया गया था आरोपितों के कब्जे से 3,260 नग ट्रामाडोल कैप्सूल और अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त किया गया है। जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये आंकी गई है। छावनी पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि लिंक रोड कैंप-दो मस्जिद के पास से आरोपित विनय बाफना ( 34 ) निवासी जलेबी चौक कैंप-एक, परमानंद साहू ( 34 ) निवासी शारदा पारा कैंप-दो, श्रवण और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपित विनय बाफना की लिंक रोड में कपड़े की दुकान है। उसने अपनी दुकान पर नशीली दवाई की खेप मंगाई थी और उन्हें अन्य आरोपितों को बेचने वाला था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया मुख्य आरोपित विनय बाफना को कुछ महीने पर आनलाइन सट्टा खिलाते हुए भी गिरफ्तार किया गया था। उसे करीब 10 साल पहले छावनी पुलिस ने नशीली दवाई बेचने के मामले में पहले भी गिरफ्तार किया था। चारों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सउनि चंद्रशेखर सोनी, प्र. आर. समन सोनवानी, सगीर खान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, अजय डीमर, मेघराज चेलक व थाना छावनी से सउनि उमाशंकर झा आरक्षक आकाश तिवारी की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## होटल की छत से गिरे युवक की मौत,जांच जारी

**भिलाई, 13 सितंबर।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र दुर्ग स्टेशन रोड स्थित होटल जायका की छत से गिरकर युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने होटल में कार्यरत तीन कर्मियों से पूछताछ की थी युवक के शव को लेकर परिजन मुंगेली रवाना हो चुके हैं मोहन नगर टीआई विजय यादव ने बताया कि रविवार की देर रात जायका होटल के कर्मी की शराब के नशे में गिरकर मौत होने की सूचना मिली थी मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा गया था मृतक की पहचान घनश्याम पटेल 30 वर्ष निवासी मुंगेली मध्यप्रदेश के रूप में हुई थी वह पिछले डेढ़ माह से होटल में कार्य कर रहा था घनश्याम शराब पीने का आदी था और वह रोज की तरह काम खत्म करने के बाद शराब पीकर छत पर गया था वहां से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई प्रथम दृश्यटया शराब के नशे में छत से गिरने का मामला प्रतीत हो रहा है पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसमें खुलासा हो जाएगा ।

## 70 लाख रुपये चुराने वाले गैंग के करीब पहुंची पुलिस

**भिलाई, 13 सितंबर।** भिलाई दो सप्ताह पहले बोरसी दुर्ग के एक और हुडको के दो एटीएम को गैस कटर से काटकर करीब 70 लाख रुपये चुराने वाले गैंग के बारे में पुलिस को पुख्ता जानकारी मिल गई है। हरियाणा के मेवात के बदमाशों ने इन तीनों घटनाओं को अंजाम दिया है आरोपितों का लोकेशन मिलने के बाद पुलिस एक टीम मेवात में ही डटी हुई है और उन्हें चिह्नित करने के बाद उनकी गिरफ्तारी की जाएगी उम्मीद जताई जा रही है कि इस सप्ताह में आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें 26-27 अगस्त की दरम्यानी रात पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के बोरसी के एक व भिलाई नगर थाना क्षेत्र के हुडको सेक्टर के दो एटीएम को काटकर करीब 70 लाख रुपये की चोरी हुई थी। आरोपितों ने गैस कटकर से उसमें से रुपये निकाल लिए थे। सीसीटीवी कैमरों में तीन आरोपित नजर आए थे जो गैस कटर से मशीन को काटते दिखे थे। इसके बाद आरोपितों का नागपुर तेक लोकेशन मिला था। उसके बाद जानकारी मिली कि हरियाणा के मेवात में रहने वाले एक गैंग ने इस वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस की टीम मेवात में डटी हुई है। पुलिस को जानकारी मिली है कि इस गैंग में चार लोग हो सकते हैं। आरोपितों को चिह्नित करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर दुर्ग लाया जाएगा। बता दें कि इसी तरीके से हरियाणा व सिक्किम में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

## लैडल फर्नेस में दुर्घटना से ठेका श्रमिक घायल

**भिलाई,13 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के लैडल फर्नेस यूनिट में सुबह लगभग 6 :40 बजे घटित एक दुर्घटना में गोपाल ट्रेडर्स का एक सेमी स्किल्ड वर्कर तुलसी राम प्रजापति, उम्र-47 वर्ष लैडल में आर्गन हॉस पाइप लगाते समय मेटल के छींटे पड़ने से जल गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद घायल को संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया जहां प्रारंभिक जांच और उपचार के बाद सेक्टर-9 स्थित मुख्य चिकित्सालय भेजा गया। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के बर्न यूनिट में उसे लगभग 6.55 बजे भर्ती किया गया और उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार मरीज की स्थिति ठीक है और बर्न यूनिट में बेहतर उपचार किया जा रहा है।

# चार जुआरियों को जुआ खेलते पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कवर्धा, 13 सितंबर।** कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारीयों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया गया है। कि अपने-अपने थाना चौकी क्षेत्र के आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें, जिससे जिले को पूर्णता अपराध मुक्त किया जा सके।जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया/बोडला श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी पोड़ी टीम द्वारा दिनांक-12.09.2023 को ग्राम नेउरगाँव में रेड कार्यवाही कर 04 जुआरियो (1)रामू गैंडरे पिता बल्लू गैंडरे,(2) कार्तिक साहू पिता दसरू साहू, (3)गुनवा साहू पिता रानू साहू, (4)राम जी मरार पिता लालाराम मरार सभी निवासी नेऊरगाँव खुर्द चौकी पोड़ी थाना बोडला को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश एवं जुआ की रकम 3580/ रुपये को गवाहों के समक्ष बरामद कर जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत आरोपियों पर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप. निरीक्षक श्री त्रिलोक प्रधान के कुशल नेतृत्व में चौकी पोडी पुलिस टीम का सराहनी योगदान रहा।

## नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता

**कवर्धा, 13 सितंबर।** 14 साल से कम उम्र के बच्चो में गुटखा खाने और सिगरेट पीने की प्रवृत्ति पढ़ती जा रही है । गांवों और शहरों में पान दुकानों , राशन दुकानों में बच्चो को आसानी से मिल जाती है । भविष्य में बच्चो को कैंसर भी हो सकता है लेकिन प्रशासन इस और ध्यान क्यो नही दे पा रही है । शराब पीने की आदत भी लोगो मे कम हो जिस पर नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम की कमी दिख रही है । युवाओं और बच्चो के सुरक्षित भविष्य को देखते हुए नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रम होना चाहिए ।



## बोडला थाना प्रभारी की सक्रियता से तीन गांजा तस्कर पकड़ाए

**कवर्धा, 13 सितंबर।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं शराब परिवहन में अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम में दिनांक 12.09.23 के बोड़ला पुलिस को मुखबीर से सुचना मिली कि तीन व्यक्ति भोरमदेव तिराहा एन.एच.-30 मेन रोड मे अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर जबलपुर की ओर जाने वाली वाहन का इंतिजार करते खडे है। कि सुचना पर तत्काल विधिवत कार्यवाही करते हुऐ भोरमदेव तिराह मेन रोड मे घेराबंदी कर तीन व्यक्ति को पकडे जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम 1. सचिन राजपुत पिता बिरेन्द्र सिंह राजपुत उम्र 30 साल सा0 सोनबानी थाना मंझोली जिला जबलपुर (म.प्र.) 2. प्रदीप सिंह राजपुत पिता कुंवरसिंह राजपुत उम्र 42 साल सा0 छीतापाल थाना मंझोली जिल जबलपुर (म.प्र.) 3. राजेन्द्र उर्फ राजा सिंह राजपुत पिता बहादुर सिंह राजपुत उम्र- 36 साल सा0 कोनी खूर्द थाना मंझोली जिला जबलपुर (म.प्र.) जिसके संयुक्त् कब्जे से मादक पदार्थ वजनी 5.260 किलो ग्राम किमती 52600/रू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया ।

# भिलाई इस्पात मजदूर संघ की बैठक में बीएसपी अधिकारियों को दिए गए कई सुझाव

भिलाई,13 सितंबर। भिलाई इस्पात मजदूर संघ की टाउनशिप की कोर कमेटी की बैठक टाउनशिप विभाग के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई जिसमें यूनियन ने सेक्टर 4 पानी टंकी के गिरने के बाद की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि टाउनशिप की सभी पानी टंकियों की जांच कराई जाए और जिन टंकियों की आयु पूर्ण हो चुकी है उन्हें गिराया जाए जिस पर उन्होंने जानकारी दी की इसके लिए जांच कमेटी बना दी गई है। उन्होंने बताया कि सेक्टर 1 और सेक्टर 5 की पानी टंकी में पानी सप्लाई बंद किया गया है। कमजोर टंकी को गिराने एवं नई टंकी बनाने हेतु विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यूनियन ने टाउनशिप में बढ़ते डेंगू के प्रभाव को कम करने के लिए टाउनशिप में फैली हुई झाड़ियां बैकलेन की झाडियों की कटाई करने की मांग की है एवं दवा का छिड़काव बढ़ाने को कहा इस पर



विभागीय अधिकारी ने जल्द इसका टेंडर निकालने की बात की यूनियन थे टाउनशिप के आवासों में कब्जे रोकने के लिए 5 वर्ष पहले तक रिटायर्ड कर्मचारियों को 400 फीट तक के मकान लाइसेंस पर देने की मांग की साथ में 400 स्क्वायर फीट तक के मकान रिटायरमेंट के 1 वर्ष पूर्व तक सब्जेक्टिव एजुकेशन लेने की सुविधा है इसे बढ़ाकर 2 वर्ष किया जाए ट्यूब्लाशेड आवासों का लाइसेंस शुल्क पांच लाख से ढाई लाख रुपये किया जाये। ऐसे मेडिकल अनफिट एवं डेथ हुए कर्मचारी के परिवार जो डी ए बेसिक ले रहे हैं और संयंत्र का आवास नहीं लिए हैं उनके रिटायरमेंट की अवधि तक मकान आवंटित किया जाए। पानी टंकी की तरह कर्मचारियों के आवासों की भी उम्र अधिक हो गई है जिसकी जगह पर कर्मचारियों के लिए नए 3 बीएचके आवास बनाए जाएं। गणेश पूजा के पूर्व टाउनशिप की स्ट्रीट लाइट एवं बाजार की लाइट को ठीक किया जाए। टाउनशिप के सड़कों के गड्ढों को ठीक किया जाए जिससे कि पूजा में लोग अपने परिवार के साथ सुरक्षित घूम सकें। बिल्डिंग के मकान में बाहर की लाइट व्यवस्था सुधारी जाए। दीपावली के पूर्व मकान में पुताई की मांग की गयी। मकान के मेंटेनेंस की क्वालिटी सुधारने की भी मांग की गई। बजार एवं सड़क के किनारे फैली गंदगी को हटाने को कहा गया। टाउनशिप के बहुत सारे मकान का अभी भी टार फेल्टिंग कार्य रुका हुआ है जिसे जल्द पूरा किया जाए। यूनियन ने मांग किया कि मकान का कम्प्लेन करने पर जल्द मरम्मत होना चाहिए जिसकी जानकारी दी गई की जल्द ही टाउनशिप में रेट कांट्रैक्ट व्यवस्था लागू की जाएगी जिससे सभी मेंटेनेंस कार्य समय पर पूर्ण हो जाएगा। बैठक में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक विजय शर्मा, महाप्रबंधक केके यादव, सहायक महाप्रबंधक आरके गर्ग, राजेंद्र प्रसाद उपमहाप्रबंधक रवि कुमार फूले उपमहाप्रबंधक सरोज झा सहायक महाप्रबंधक पद्मिनी मैडम पर्सनल से अनिल कुमार सिंह सहायक महाप्रबंधक यूनियन की ओर से अध्यक्ष आईपी मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष चन्ना केशवलू, महामंत्री रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष हरी शंकर चतुर्वेदी थे।

## एक नजर

### नगर निगम जनचौपाल में 7 आवेदन प्राप्त, 1 आवेदन का हुआ निराकरण

**राजनांदगांव 13 सितम्बर।** नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज मंगलवार दोपहर 1:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जन चौपाल में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जन चौपाल में राशन कार्ड, भवन नजूल, जल व स्वास्थ्य सबंधी 7 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें से राशन कार्ड के 1 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री डी.सिंह एवं आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर इस मंगलवार भी नगर निगम के सभागृह में दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल लगाया गया। जिसमें 7 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें राशन कार्ड के 1, भवन नजूल के 2, जल विभाग के 3 एवं स्वास्थ्य विभाग के 1 इस प्रकार कुल 7 आवेदन प्राप्त हुये जिनमे से राशन कार्ड में नाम जोडने के 1 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया, शेष 6 आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा। जन चौपाल का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है। चौपाल में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जन चौपाल में सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### हिंडाल्को ने इटली की कंपनी मेट्रा से किया करार

**मुंबई, 13 सितंबर।** विश्व की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम रोलिंग और रीसाइक्लिंग कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने स्ट्रक्चर्ड और वैल्यू एडेड एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न के उत्पादन के लिए इस क्षेत्र की विशेषज्ञ इटली की प्रसिद्ध मेट्रा एसपीए के साथ टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप की है। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में हाई-स्पीड एल्यूमीनियम रेल कोचों के निर्माण के लिए बड़े आकार के एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न और फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी के उत्पादन को सुनिश्चित करना है। यह भारत सरकार की बेहतर डोमेस्टिक मन्युफैक्चारिंग कैपेबिलिटीज़ को बढ़ावा देने के लक्ष्य को सफल बनाने में हिंडाल्को की महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाता है। एल्युमीनियम मैन्युफैक्चरिंग में हिंडाल्को के लम्बे अनुभव और एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न, मशीनिंग और वेल्डिंग में मेट्रा की अत्याधुनिक जानकारी को एक साथ लाकर, यह साझेदारी विश्व स्तरीय तकनीक को भारत में लाने के लिए एक ठोस कदम है जो वर्तमान में सिर्फ यूरोप, चीन, जापान और कुछ अन्य देशों के पास ही है। हिंडाल्को का यह गठबंधन दुनिया के सबसे बड़ा रेल नेटवर्क चलाने वाले भारतीय रेलवे के अपग्रेडेशन प्रोग्राम नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में मदद करता है।

### राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के प्राइवेट स्कूल कल रहेंगे बंद

**रायपुर , 13 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ में 14 सितंबर को सभी निजी स्कूल बंद रहेंगे। दरअसल, आरटीई की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इन्ही मांगों को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आंदोलन किया जाएगा। वहीं, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन 21 सितंबर को आंदोलन की तैयारी में भी है। शिक्षा के अधिकार के तहत सीटों में एडमिशन के बाद भी शासन करोड़ रूपए रोक के रखा है, ऐसे में 21 सितंबर को रायपुर में जंगी प्रदर्शन की तैयारी जा रही है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पैसा बढ़ाने, समय पर पैसा जारी करने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरेगा।

### सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं खेती का प्रशिक्षण दस दिन दिया गया

**धमतरी 13 सितम्बर।** जिले में संचालित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत 1 सितम्बर से 11 सितम्बर 2023 तक 10 दिवसीय सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं खेती प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसका समापन बीते 11 सितम्बर सोमवार को हुआ। प्रशिक्षण में धमतरी जिले के धमतरी विकासखंड से कुल 22 हितग्राहियों ने भाग लिया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नर्सरी तैयार करना, कीट रोकथाम की जानकारी, खड़ी मचान विधि, छतनुमा मचान, टमाटर ट्री गार्ड, ग्रीन हाऊस, नेट हाऊस, देशी पद्धति से वर्मी वाश, मंचिंग ड्रीप पद्धति, बाटल सिस्टम, जैविक खेती, पोषण चक्र, पोषक वाटिका, जीवामृत बनाने की विधि के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं खेती की जानकारी के साथ-साथ उद्यमिता, बैंकिंग, प्रोजेक्ट रिपोर्ट संबंधी जानकारी एवं फिल्ड विजिट हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र संबलपुर का भ्रमण करवाया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर लीड बैंक मैनेजर एवं बड़ौदा आरसेटी धमतरी के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर कमर्शियल हब का शिलान्यास किया मुख्यमंत्री ने



**रायपुर 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज नया रायपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी द्वारा दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कॉरिडोर ÷कमर्शियल हब÷ का शिलान्यास किया गया जहां कैबिनेट मंत्री माननीय मोहम्मद अकबर, कृषि मंत्री रवींद्र चौबे, विधायक धनेंद्र साहू (अभनपुर विधानसभा), परियोजना समन्वयक डॉ. राकेश गुप्ता, आर्किटेक्ट मनीश पिल्लिवार, हाऊ चेयरमैन एस एस बजाज, आवास एवं पर्यावरण सचिव महादेव कावरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती किरण कौशल एवं चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी की उपस्थिति में चेंबर पदाधिकारी गण, 90 से अधिक एसोसिएशन सहित हजारों की संख्या में जिले के व्यापारी गण उपस्थित रहे और इस ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बने।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी जी ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज प्रदेश के व्यापार जगत के लिए एक अहम दिन है। होलसेल कॉरिडोर ÷कमर्शियल हब÷ के रूप में व्यापारियों को एक नई सौगात मिली जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश को पहचान दिलाएगी।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि चेंबर द्वारा माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से इस योजना को प्रदेश स्तर पर लागू करने का निवेदन किया गया था जिस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति दी थी तथा प्रदेश स्तर पर प्रत्येक जिले में होलसेल कॉरिडोर ÷कमर्शियल हब÷ बनाने की कड़ी में यह प्रथम प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुआ जो अगले 50 वर्षों से अधिक समय तक योजना को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है।

यह होलसेल कोरिडोर प्रदेश एवं अंतरराज्यीय पड़ोसी राज्यों के साथ व्यापार के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देगा तथा प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी। आगे परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर ÷कमर्शियल हब÷ में सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल, बैंक, वाहन पार्किंग, फूड जोन जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस परियोजना में थोक व्यवसाय से जुड़ी सभी सुविधाएं एवं भौतिक अधोसंरचना उच्च मानकों के अनुसार प्रदान की जाएगी। होलसेल कॉरिडोर में सैकड़ों गाड़ियां एक साथ खड़ी हो सकेंगी। इसके बनने से रायपुर में यातायात का दबाव कम होगा साथ ही यह स्थान भारतमाला रोड, हा30, एयरपोर्ट, नया रायपुर रेलवे स्टेशन एवं डूमरतराई थोक बाजार के करीब है। केबिनेट मंत्री माननीय मो. अकबर जी ने प्रदेश के व्यवसाय में ÷कमर्शियल हब÷ के आने से व्यापार, व्यवसाय के साथ-साथ सामरिक विकास की बात कही एवं पारवानी जी के विकास शुल्क सहित विकसित भूमि की दर का समर्थन किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंच से अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार का प्रथम कार्य होता है कि विकास के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण तैयार करे, प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद से किसानों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं एवं योजनाएं लाई गई है। शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद स्कूल के माध्यम से प्रदेश के छात्रों को अंग्रेजी सुलभ की है।

# यात्रियों की पीड़ा से केन्द्र सरकार को कोई सरोकार नहीं:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 13 सितंबर।** रेल रोको आंदोलन के तृतीय चरण के तहत आम जनता को जोड़ते हुए ट्रेनों के परिचालन तथा उनको लगातार रद्द करने व केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के विरोध में शहर व जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय रेलवे स्टेशन में मंगलवार 12 सितंबर को केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निरस्त हुए ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की मांग करते हुए यात्रियों से चर्चा कर पाम्पलेट-पोस्टर वितरण किया गया।

शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली अधिकांश यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है जिसके कारण दैनिक यात्री, सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, कामगार यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई में 12 सितंबर मंगलवार स्थानीय रेलवे स्टेशन में पांपलेट-पोस्टर का वितरण कर लोगों को किया जागरूक।शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आम जनता का सस्ता और सुलभ परिवहन रेल साधन है किन्तु केन्द्र सरकार बिना किसी वजह के यात्री ट्रेनों को महिनों, हफ्तों से बंद कर दिया है। जिस वजह से नागरिकों की परेशानी उठानी पड़ रही है परंतु रेलवे व केन्द्र सरकार को इससे कोई मतलब नहीं, यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द कर देते है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर कभी कोई और कारण बताकर। केन्द्र सरकार भारतीय रेल सेवा को बदनाम कर रही है जिससे लोगों को रेलवे की लेटलतीफी और निरस्त से होने की आदत पड़ जाए, केन्द्र की मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है और बाद में निजीकरण कर चंद पूजीपति मित्रों को रेलवे सौंपा जा सके।

श्री छाबड़ा ने कहा कि रेलवे किराए में बेतहाशा वृद्धि, प्लेटफार्म टिकिट तक में कई गुना वसूली कर रही है वहीं प्रदेश के लाखों रेल यात्रियों, छोटे कामगार, नौकरीपेशा, छात्र-छात्राएं, स्टेशन के कुली और आटो चालकों पर बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है तो किन्तु छत्तीसगढ़ के लोकसभा व राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह यात्री सुविधाओं के लिए मौन क्यों है, भाजपाई नेता अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, इस संबंध में चर्चा करने से डर है। बिलासपुर रेलवे जोन से केवल माल भाड़े से केन्द्र सरकार को 20000 से 22000 करोड़ रूपए हर साल कमाती है। लेकिन जब सुविधा देने की जब बात होती है तो छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केन्द्र की उपेक्षा की जाती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 13 सितंबर को स्थानीय रेलवे स्टेशन में शहर जिला एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेसजनों द्वारा रेल रोका आंदोलन किया जा रहा है। पाम्पलेट वितरण के दौरान प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, छग पर्यटन विभाग के सदस्य निखिल द्विवेदी, प्रदेश संयुक्त सचिव आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, विकास त्रिपाठी, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, हनी ग्रेवाल, शरद खंडेलवाल, भारतयात्री क्रांति बंजारे, जिला ग्रामीण कांग्रेस चुम्मन साहू, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, गेम कुंजाम, अशोक पंजवानी, इंटक सुरेन्द्र देवांगन, प्रज्ञा गुप्ता, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, पार्षद सिद्धाथ डोंगरे, दुलारी साहू, पूर्णिमा नागदेवे, एल्डरमेन हेमू सोनी, प्रतिमा बंजारे, आशा शर्मा, खैरूनिशा, सुरेन्द्र गजभिए, आरबी मिश्रा, अरशद खान, रीना पटेल, मुस्तफा जोया, मोहसिन कुरैशी, सुनील रामटेके, दीनू साहू, मयंक सोनी, शबनम कुरैशी, हेमंत मानिकपुरी, रूपेश साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### एनसीए की बीकानेर बैठक में छत्तीसगढ़ की लोकसेवा गारंटी योजना की सराहना




**रायपुर 13 सितंबर।** नेशनल कमेटी ऑफ आर्काइविस्ट्स (एनसीए) की दो दिवसीय 46 वीं बैठक विगत दिनों बीकानेर(राजस्थान) के होटल बसंत विहार पैलेस में संपन्न हुआ। बैठक मे इस बात पर चर्चा हुई कि सभी राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के अभिलेखागार को अपने संपूर्ण रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करना चाहिए और उन्हें अपने वेब-पोर्टल पर उपलब्ध कराना चाहिए। इसके लिए वन नेशन वन पोर्टल बनाने की बात कही गई। इसके लिए बैठक में पहुंचे राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच से सब कमिटी का गठन भी किया गया। आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ की लोकसेवा गारंटी योजना की काफी सराहना हुई।उद्घाटन के बाद पहले सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अभिलेख और ऐतिहासिक दस्तावेज देश की राष्ट्रीय धरोहर है। इन्हें संरक्षित करने के लिए आरकाईव बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। बैठक के लिए एजेंडा निर्धारित था जिसमें एक-एक बिंदुओं पर चर्चा हुई इसके पश्चात कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशों को अमल में लाने पर सहमति भी बनी। बैठक में नेशनल आरकाईव के महानिदेशक डॉ. अरूण सिंघल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी अभिलेखीय विरासत को दो साल में डिजिटाइज करने की योजना पर कार्य शुरू हो चुका है। इसके तहत 35 करोड़ पृष्ठों को डिजिटल रूप में विभाग के पोर्टल अभिलेख पटल पर उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में सहमति बनी कि अभिलेखीय संग्रहों में एकीकृत खोज की सुविधा के लिए एनएआई और राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के अभिलेखागार के वेब-पोर्टलों के बीच इंटरकनेक्शन स्थापित किया जाना चाहिए, और निजी संग्रह में पड़ी समृद्ध अभिलेखीय संपदा के सर्वेक्षण, सूची और दस्तावेजीकरण की दृष्टि से, सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में क्षेत्रीय रिकॉर्ड सर्वेक्षण समितियों (आरआरएससी) का गठन किया जाना चाहिए। सभी जगह के अभिलेखागारों के पदनामों में एकरूपता होनी चाहिए,पदों के समरूपता संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ उड़ीसा गोवा व अरूणाचल प्रदेश के द्वारा मिलकर किया जायेगा। उपनिदेशक डा.संजय गर्ग इसके लिए मार्गदर्शन करेंगे।

# चेम्बर ने परिवहन अधिकारी को परिवहन फिटनेस संबंधी समस्याओं से ज्ञापन देकर अवगत कराया



**रायपुर 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा आटोमोटिव फिटनेस सेंटर खोले जाने के पश्चात वाहनों की फिटनेस करने में ट्रक व ट्रेलर यूनियनों द्वारा लगातार आ रही शिकायतों को मध्य नजर रखते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ट्रांसपोर्ट चेम्बर ने ट्रक व ट्रेलर यूनियनों के पदाधिकारी के साथ एक टीम का गठन किया व टीम द्वारा औचक ऑटोमोटिव फिटनेस सेंटर जाकर ट्रक मालिकों व ट्रक ड्राइवर को हो रही परेशानियां के बारे में समझा। उसके पश्चात सभी परेशानियों व विसंगतियों को विस्तृत रूप से अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया। जिनमें से प्रमुख शिकायतें स्पीडोमीटर जांच, वायु प्रदूषण जांच, हॉर्न जांच, बढ़ी हुई फिटनेस की फीस एवं प्रमुख मांग सलोट अलॉटमेंट को लेकर थी। परिवहन अधिकारी श्रीमान कीर्ति मानसिंह राठौर जी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर के अधिकारी को बुलाकर तत्काल आ रही परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए व आश्वस्त किया की भविष्य में दोबारा यह समस्याएं नहीं होगी।

### खुज्जी विधानसभा में लगातार भाजपा-कांग्रेस का साहू उम्मीदवार होने से अन्य समाज दुखी: मनभावन



**छुरिया 13 सितंबर।** आदिवासी नेता मनभावन सिह उइके ने प्रेस नोट जारी कर कहा है, सर्व समाज अब न बने भाजपा-कांग्रेस का वोट बैंक, उइके ने कहा कि भाजपा ङ्क कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू है, जिसका चित भी मेरा पट भी, ये दोनों दल कहने मात्र के जन हितैसी बनने का ढोंग करती है, असल में भाजपा ङ्क कांग्रेस एक जाति विशेष को छोड़कर अन्य सभी समाज को खाली वोट बैंक ही मानती है, जिसे अब खुज्जी विधानसभा कि जनता जान चुकी है, उइके ने कहा कि भाजपा चिलाल्ती है सब का साथ सब का विकास, तो वही कांग्रेस कहती है भूपेश है तो भरोसा है, पर असल में भूपेश का भरोसा और भाजपा का विकास सिर्फ साहू समाज के साथ है, जिसका उदाहरण है दोनो दल लगातार खुज्जी से साहू को ही टिकट देते आ रही है, भाजपा - कांग्रेस ये समझती है कि पूरा साहू समाज एक है और जो दल उन्हें टिकट नहीं दी तो वे नाराज होकर अन्य दल का समर्थन कर उसे जीत दिला देगी, इस डर से दोनो दल साहू को टिकट देती है, उइके ने कहा कि भाजपा-कांग्रेस ये मानती है कि हम एसटी एससी व ओबीसी में आने वाले अन्य 18 जाति कि एकता नहीं है, यही सोचकर हमें सिर्फ अपना वोट बैंक मानते आ रही है, जिसके कारण हम सब सर्व समाज को टिकट देने से वंचित रखते है,उइके ने एसटी एससी व ओबीसी में आने वाले 18 जात भाईयो से अपील करते हुए कहा है कि इस बार हम सब को मिलकर ये दिखाना है कि हमारी ताकत व एकता क्या है।

### निगम अमले ने गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मिट्टी का उपयोग करने को कहा



**राजनांदगांव 13 सितम्बर।** आगामी गणेश पर्व को ध्यान में रखते हुये एवं प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण प्रतिबंधित किये जाने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर आज नगर निगम का स्वास्थ्य अमला ने शहर के गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मूर्तिकारों से प्रतिमा निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग करने समझाईस दिये। स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव प्र. स्वच्छता निरीक्षक श्री भूषण मेश्राम, सफाई दरोगा सर्वश्री वरूण सोनी, रामशरण रगड़े, राजकुमार सिन्हा, गणेश सातर, सुभम साहू, सहित स्वास्थ्य अमला आज मानव मंदिर चौक, कृष्णा टाकिंज के सामने, हमाल पारा सहित अन्य क्षेत्रों के गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मूर्तिकारों को समझाईस दिये कि शासन द्वारा गणेश प्रतिमा निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नही करना है क्योंकि यह पानी में अघुलनशील है, इसलिये मूर्ति निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग करना है। इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गणेश प्रतिमा का निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग किया जाना है। शासन निर्देशानुसार प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण करते पाया जायेगा तो संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेंगी। उन्होंने कहा कि प्लास्टर आफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी प्रदुषित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुये मिट्टी का ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। उन्होंने शहर के मूर्तिकारों से अपील करते हुये कहा है कि गणेश प्रतिमा का निर्माण में मिट्टी का उपयोग करना है। अपालन की स्थिति में निगम प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।

# "पदयात्रा के दूसरे पड़ाव में जिला महिला कांग्रेस सचिव सीमा यादव ने कहा-भूपेश है तो भरोसा हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 13 सितंबर।** खूजजी विधानसाभ क्षेत्र क्रमांक 77 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण अचंल पर 11 सितंबर से सेनानी ग्राम घोघरे से सीमा यादव द्वारा निकाली गई पदयात्रा जो 36 गांव 100 किलोमीटर की दूरी तय करेगी उसका आज दूसरा पड़ाव कुमर्राछुरिया/घूपसाल/ दीवानटोला/ कललूटोला/ साल्हेटोला /सिताकसा/ होते हुए गैदाटोला मे समापन हुआ इस बीच इन सभी गांव में पदयात्रा के दौरान ग्रामीण जनों द्वारा यात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया वहीं सीमा यादव ने गैदाटोला में समापन कर आम जनमानस के बीच सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा भरोसे की यात्रा है इस यात्रा का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस को मजबूती प्रदान करना कार्यकर्ताओं का सम्मान करना कांग्रेस के लोगों को बिछड़े को पिछड़ों को साथ लेकर यशस्वी मुख्यमंत्री जी के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आप लोगों के समक्ष लेकर आयी हूं और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को सभा के दौरान कहा कि भूपेश है तो भरोसा है साभ के दौरान भारी सख्य मे आम जनमानस उपस्थित थे जो गम्भीरतापूर्वक महीला कांग्रेस सचिव सीमा यादव के पदयात्रा का उद्देश्य को और कांग्रेस के विभिन्न योजनाओ के बारे मे सूने पदयात्रा कार्यक्रम का तीसरे पड़ाव का शुभारंभ 13 सितंबर से होगा इस प्रकार यहा यात्रा पूरे पांच पड़ाव का होगा जिला महिला कांग्रेस सचिव द्वारा खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ से जो जनसम्पर्क कर रही है जिसका उन्हे अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है इनके खुज्जी विधानसाभ क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण अचंल पर सक्रियता से सशक्त सक्ते मे नजर आते है।

### छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने पचास विधानसभा क्षेत्रों में उतारे प्रभारी

**रायपुर 13 सितंबर।** विगत आठ वर्षो से लगातार छत्तीसगढ़ियावाद के लिये संघर्षरत संगठन छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने इस बार अपना मजबूत राजनैतिक विंग तैयार कर लिया है। क्रान्ति सेना का कहना है कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के हक अधिकार की जमीनी लड़ाई लड़ते हुए हमलोग लगातार जेल जाते रहे, प्रताड़ना सहते रहे और प्रदेश में छत्तीसगढ़ियावाद को केंद्रीय मुद्दा बनाने में सफल रहे। लेकिन वास्तविकता में दोनो राष्ट्रीय दल के नेता वोट बटोरने के लिये ही छत्तीसगढ़ियावाद का मुखौटा लगाकर घूमते नजर आ रहे हैं। सदन को गुमराह करते हैं, और हर क्षेत्र में गैर छत्तीसगढ़िया बाहरी लोगों को हमारी धरती में हमारे सिर के उपर स्थापित करने की ठेकेदारी ही कर रहे हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना अपने बड़े बुजुर्गों के आदेश और हताश-निराश छत्तीसगढ़िया युवाओं के आह्वान पर इस प्रदेश के नीति-निर्धारण को अपने मजबूत छत्तीसगढ़िया कंधो में थामने के लिए छाती ठोंक कर निकल चुकी है। पहली सूची के अनुसार पंद्रह जिलों के पचास से अधिक विधानसभाओं के मूल्यांकन और खड़-गुड़ी-पार की अवधारणा के साथ बूथ लेवल तक की सुनिश्चितता के लिए मूल संगठन के राजनैतिक विंग द्वारा चयनित और प्रशिक्षित तीस जिला प्रभारी एवं उप प्रभारी अपने निर्देशित जिलों के लिये कूच कर चुके हैं। बाकी बचे जिलों के लिये द्वितियक सूची का निर्माण हो रहा है छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश संयोजक ने बताया कि हम कभी नहीं चाहते थे कि राजनीति में आएं। राजनीति ही अगर मंजिल होती तो हम आठ साल पहले ही चुनावी समर में कूद चुके होते लेकिन छत्तीसगढ़ियों का शोषण वक्त-दर-वक्त बरदाश्त से बाहर होने लगा है, हमारे जैसे मूल निवासी समर्थक संगठन के उपर हो रहा प्रशासनिक उत्पीड़न चरम पर जाने लगा है। अब हमें प्रदेश के उच्च सदन छत्तीसगढ़ विधानसभा में अमीर धरती के कंगाल कर दिये गये छत्तीसगढ़िया लोगों की करुण पीड़ा की आवाज पहुंचाने के लिये खुद वहां तक पहुंच कर सत्ता की मशाल लिए लोगों से छीनकर खुद के हाथों में थामना होगा।

# मोर मकान-मोर आस योजनान्तर्गत 14 सितम्बर को निगम सभागृह में लॉटरी से आवास आबंटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 13 सितम्बर।** मोर मकान मोर आस छत्तीसगढ़ शासन की एक संवेदनशील पहल इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार होगा और उनका स्वयं का अपना पक्का आवास होगा। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 644 बहु मंजिला आवास निगम सीमाक्षेत्र के लखोली, मोहरा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित है उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा निरंतर प्रक्रिया कर आबंटन किया जा रहा है। इसी कडी में पात्र हितग्राहियों को दावा आपत्ति उपरांत राशि जमा करने पर 14 सितम्बर को 11 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें।

आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि, मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पात्र हितग्राहियों को राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 14 सितम्बर को आवास का आबंटन किया जायेगा। उन्होने बताया कि, रेवाड़ीह, मोहरा - 340 युनिट की राशि 2,67,971- रुपये एवं लखोली के पूर्ण आवास की राशि - 2,73,059- रुपये निर्धारित है। योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुश्त अग्रिम जमा करनी होगी। उन्होने बताया कि हितग्राहियो को आवास के लिये बैकरों के माध्यम से ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 58 परिवारों को अपना स्वयं का आवास आबंटित किया जा चुका है, उन्होंने पात्र हितग्रहियो से निर्धारित तिथि कों निगम सभागृह में उपस्थित होकर आवास योजना का लाभ लेने की अपील की है।

## संपादकीय

# बायो मेट्रिक्स प्रणाली की जरूरत क्यो है?

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी बरसों से चल रही है। यहां धान खरीदी का बरसों पुराना सिस्टम है। उसमें जो भी कमी है, उसे राज्य सरकार समय समय पर दूर करती रही है। भूपेश बघेल सरकार का दावा है कि धान खरीदी के लिए पंजीयन आधार कार्ड के आधार पर किया जाता है। उसके बाद भुइंया एप से किसान के रकबे का मिलान कराया जाता है। इसलिए छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था तो पारदर्शी है। जब राज्य की धान खरीदी व्यवस्था इतनी पारदर्शी व बढ़िया है तो केंद्र सरकार ने धान खरीदी के लिए बायो मेट्रिक्स प्रणाली को जरूरी क्यों समझा है। इसी आधार पर धान खरीदी की व्यवस्था करने के लिए राज्य सरकार को क्यों कहा है। आम तौर पर किसी योजना में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बायो मेट्रिक्स प्रणाली की जरूरत होती है। इससे कई व्यवस्था में अनिवार्य रूप से होने वाला भ्रष्टाचार रुका नही ंतो कम तो जरूर हुआ है। जैसे केंद्र सरकार से दो चार दशक पहले योजना का जो पैसा हितग्राही को भेजा जाता था, वह पूरा नहीं पहुंचता था, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार तो स्वीका भी किया था कि हम केंद्र से एक रुपए भेजते हैं तो राज्य के लोगों तक 15 पैसा ही पहुंचता है। यह तो एक तरह से सरकारी मशीनरी का बहुत ही ज्यादा भ्रष्टाचार था, इस पर रोक तब लगी जब पीएम मोदी ने ऐसी व्यवस्था बनाई । उन्होंने लोगों का जनधन खाता खुलवाया और पैसा सीधा उनके खाते में डाला। इससे पूरा पैसा लोगों के खाते में आने लगा है। इसी तरह राशन दुकान सहित कई योजनाओं में तकनीक के जरिए भ्रष्टाचार को कम किया गया है। यह बात तो माननी पड़ेगी कि केंद्र में जब से मोदी सरकार आई है उसने योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार को कम करने का प्रयास किया है। ऐसा भ्रष्टाचार जिसे पहले की सरकार अनिवार्य मानती थी। यानी वह मानती थी कि इस तरह के भ्रष्टाचार को रोका नहीं जा सकता। मोदी सरकार के आने के बाद ही तकनीक के जरिए सभी तरह के भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास किया गया है। इस तरह के भ्रष्टाचार के आदी लोग नहीं चाहते हैं कि वह जो भ्रष्टाचार बरसों से करते आ रहे हैं, उस पर रोक लगे तो वह कई तरह से इस तरह की भ्रष्टाचार विरोधी योजना का विरोध करते है। सबसे आसान तरीका यह होता है कि कहा जाता है कि इससे जनता को परेशानी हो रही है। कभी सर्वर डाउन,कभी कनेक्टीविटी न होना आदि का बहाना बना कर लोगों को परेशान किया जाता है और कहा जाता है कि जनता को परेशान किया जा रहा है। अगर केंद्र सरकार की बायो मेट्रिक्स का उपयोग धान खरीदी में होने वाली हर तरह की गढ़बड़ी को रोकने के लिए किया जा रहा है तो राज्य सरकार को इसमें सहयोग करना चाहिए तथा इसके लिए राज्य में ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे नए तरह से राज्य में धान की खरीदी हो सके। ऐसी धान खरीदी हो सके जिसमें किसी भी स्तर पर किसी तरह की गड़बड़ी न हो सके। जहा ंतक राज्य सरकार के इस बात का सवाल है कि राज्य के कुछ पहाड़ी व जंगली इलाकों में इस नई तकनीक से खरीदी नहीं हो सकती तो केंद्र सरकार को इस बार ऐसे इलाकों में राज्य सरकार के पुराने तरीके से खरीदी को छूट इस आधार पर दी जाना चाहिए कि अगली बार धान खरीदी के लिए वह राज्य मे ऐसी व्यवस्मथा बनाए जिससे नए तरीके से धान की खरीदी हो सके। ज्यादातार इलाकों में बायो मेट्रिक्स प्रणाली से खरीद होने पर राज्य में हर साल धान खरीदी में जो भ्रष्टाचार होता है, उसमें जरूर कमी आएगी। केंद्र सरकार अगर धान खरीदी में भ्रष्टाचार को रोकना चाहती है तो राज्य सरकार किसी भी दल की हो उसे केंद्र सरकार का सहयोग करना चाहिए। भ्रष्टाचार का समर्थन तो इस आधार पर कोई नहीं करेगा कि भ्रष्टाचार होने से जनता को सुविधा हो रही है। भ्रष्टाचार रोकने से जनता को परेशानी हो रही है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आस पास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप परिवार के सदस्य की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। रचनात्मक कार्य में आप सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे। आपके घर आज किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा । आपके अधिकांश प्रयास सफल होंगे। आज जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जाएंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग हैं। दान धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान बनाएंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर बहुत ही सोच समझकर भरोसा करें । विद्यार्थियों को अपना प्रोजेक्ट पूरा करने में सफलता मिलेगी। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा । आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें । किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आज किसी पुरानी समस्या को दूर करने के लिए योजनाएं बनाएंगे। ऑफिस के कार्य से आज आपको यात्रा करनी पड़ सकती है । डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग मिलेगा, जिससे आप अपने कार्यो को समय पर पूरा करा लेंगे। आज छात्रों को पढ़ाई में आ रही रुकावटों से छुटकारा मिलेगा। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यो के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। नौकरी करने को अच्छी खबर मिलेगी। आज अचानक आपको धन लाभ हो सकता है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लें। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको आर्थिक मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। अपने जरूरी कार्यों को सूची बनाकर करेंगे तो आपके कार्य पूरे होते जाएंगे। आप की वाणी की सरलता आपको मान-सम्मान दिलाएगी। आज समय से सारी जिम्मेदारियां पूरी करेंगे। अनजान लोगों से से दूरी बनाकर रखें। बहुत दिनों बाद किसी मित्र से मुलाकात हो सकती है, उनके साथ लंच करने जाएंगे।

तुला राशि- आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है । आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस के कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा । आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं । कामकाज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। लवमेट्स आज कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग करेंगे। दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास के किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे । आज ऑफिस में आपको कोई नए प्रोजेक्ट पर काम करने को मिल सकता है । रुके हुए कार्यो को आज नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज काम में मन लगेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज आपको कर्ज से छुटकारा मिलेगा, जिससे रिलेक्स महसूस करेंगे। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज आप कार्य स्थल पर किसी से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। आज आपकी मुलाकात किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगा। आज आप नया काम शुरू करने का मन बनायेंगे । नई चीजें सीखेंगे और लेन-देन में फायदा होगा । संतान की उन्नति से खुशी मिलेगी।

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से आसानी से निपटा लेंगे। लेकिन ऑफिस में व्यस्तता के चलते घर देर से पहुंचेंगे। अगर आप जॉब बदलने की सोच रहे है तो अभी कुछ दिन रुक जायें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बनाएंगे। जीवनसाथी पहले किया हुआ वादा आज पूरा करेंगे, इससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट्स आज फोन पर देर तक बात करेंगे। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। व्यापार में अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए दिन अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार करेंगे। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आय के नए-नए रास्ते मिलेंगे। जीवनसाथी आज आपकी बातों को अच्छे से समझेंगे। लवमेट्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें।

# हिंदी को सभा-गोष्ठियों तक सीमित न रहने दें

### 14 सितंबर हिंदी दिवस

डॉ सूर्यकांत मिश्रा



आज हिंदी दिवस पर मेरे कानों में हिंदी का दर्द कुछ यूं गूंज रहा है - मानो मातृभाषा का रही हो - मैं हिंदी हूं । मेरा हृदय दुखी है । मेरा कण - कण स्तब्ध है । मैं नहीं समझ पा रही हूं - कि कैसे अपनी पीड़ा सबको बताऊं ? मैं - जिसकी पहचान मेरे अपने वतन से है । इसकी माटी से है । इसके कण - कण से है । मुझे मेरे ही घर आंगन में तिरस्कार किया जा रहा है । मेरे अपने ही मुझे अपने से परहेज कर रहे हैं । मैं नहीं समझ पा रही हूं कि आज मुझे अपनी वेदना क्यों कहनी पड़ रही है ? मेरा मन और मेरी आत्मा कांप उठती है , जब मुझे अपनी ही संतानों को यह बताना पड़ता है कि मैं अखंड भारतवर्ष के 70 प्रतिशत लोगों की अमराईयों में महकती हूं ! मेरी खुशबू से ही तुम्हारा मान और सम्मान जागृत होता है । अंतर्मन में उठ रही मातृभाषा की आर्तवाणी क्या उस अबला की तरह नहीं लग रही जो खुद की मदद के लिए अपनों को ही पुकार- पुकार कर हताश हो जाया करती है ! क्या हम इस बात से बेफिक्र हैं की स्वतंत्रता के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी अपनी भाषा को राजभाषा से ही संबोधित करते आ रहे हैं ! क्या कारण है कि हमने अभी तक अपनी भाषा को राष्ट्रभाषा रूपी श्रृंगार प्रदान नहीं किया है ! हमारे देश के ही कुछ राज्यों की विरोधी आवाजों ने हमें यह सोचने विवश कर दिया है कि क्या वास्तव में अंग्रेजों ने हमें आजादी दे दी है ? भारतवर्ष के बदलते परिदृश्य ने जिस कदर विदेशी भाषा के मायाजाल में युवा पीढ़ी को जकड़ रखा है , वह वास्तव में दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है । स्वतंत्र भारतवर्ष में रहकर आज हम कई दशकों से अपनी हिंदी भाषा को न्याय दिलाने के लिए जुटे हुए हैं । इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है ! हम




वर्ष के कुछ दिन अपनी भाषा को सम्मान दिलाने पखवाड़े का आयोजन करते आ रहे हैं ! हिंदी एक ऐसी भाषा - जिसे तीन चौथाई भारतवर्ष अपनाता और समझता है , उसके लिए अपने ही लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास क्या मात्र दिखावा नहीं कहा जा सकता है ? हम यह जानते हैं की हिंदी के प्रति आस्था ही भारतीयता की पहचान है । यह हमारा दुर्भाग्य है कि स्वतंत्र भारतवर्ष पर ऐसे स्वार्थी राजनेता अपनी हुकूमत कर रहे हैं, जो विदेशों से शिक्षा लेकर आए हैं । ऐसे ही लोगों ने हमारी मातृभाषा को राजभाषा तक समेट कर रख दिया है! मैं बिना किसी संकोच के ऐसे लोगों को ही हिंदी की दुर्दशा का जिम्मेदार मानता हूं । ऐसे देशद्रोही और भाषा के दुश्मन राजनेता भी इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं , कि वे भले ही विदेशी भाषा का प्रयोग करें । बड़े-बड़े मंचों से अपनी भाषा में उद्बोधन करें , किंतु सोचते हिंदी में ही हैं ।

जब - जब हिंदी दिवस आता है , हिंदी के बगुला भगत अनुयाई सक्रिय हो उठते हैं ! राजभाषा आयोग और अनुभागों की नींद भी टूट जाती है । शासकीय कार्यालय हिंदी के उपयोग को लेकर जाग उठते हैं । सामाजिक तथा राजनीतिक मंचों पर हिंदी के नाम पर समारोह का आयोजन होने लगता है । साथ ही हिंदी में कामकाज की मुहिम तेज करने शपथ भी ली जाती है । यह सब छद्म ही होता है ! जैसे ही हिंदी दिवस और पखवाड़ा बीतता है , हिंदी के सम्मान में लिखे गए बड़े-बड़े बैनर- पोस्टर कूड़ेदानों में पड़े अपनी किस्मत पर आंसू बहाते दिखाई पड़ते हैं ! हम 1947 में आजाद हुए । 1950 में हमारे देश का संविधान हमें पकड़ा दिया गया । इतना लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारने की हमारी गति इतनी मंथर क्यों है ? क्या इस पर संसद सहित विधानसभाओं पर चिंतन नहीं होना चाहिए ? जहां तक मैने अनुभव किया है - हमारे देश के कर्णधारों ने हिंदी को सभा- गोष्ठियों , सेमिनार एवं वेबीनार तक सीमित करके रख दिया है ! मुझे इतिहास के पन्ने बताते हैं कि सन 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने की कवायद की थी । इसे महात्मा गांधी ने जन- मानस की भाषा करार दिया था । बावजूद इसके उस वक्त के राजनेताओं से लेकर वर्तमान के देश चलाने वालों ने महात्मा गांधी के विचारों की भी चिता जला दी है !

एक भाषा के रूप में हिंदी न केवल भारतवर्ष की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन का प्रमाण , संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक , उपदेशक और परिचय भी है । इसे बहुत ही सरल , सहज एवं वैज्ञानिक भाषा का दर्जा देना भी गलत नहीं होगा । कारण यह की पूरे विश्व में इस सहज भाषा को बोलने - समझने वालों की बड़ी तादाद मौजूद है । विश्व की तीसरी बड़ी भाषा होने के साथ ही साथ हमारी हिंदी प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच सेतु का काम करती है । जहां तक मैं अपनी बात करूं मैं हिंदी भाषा की अस्मिता को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित नहीं हूं । कारण यह कि मुझे यह विश्वास है कि जब जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर अमन- चैन स्थापित किया जा सकता है , तब वह दिन दूर नहीं , जब हम सभी क्षेत्रीय भाषाओं को उनका सम्मान बरकरार रखने की गारंटी के साथ हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिला पाएंगे । हमें और हमारे देश के योजनाकारों सहित इस पीढ़ी के लोगों को यह स्वीकार करना होगा कि हिंदी अनुवाद की नहीं , बल्कि संवाद की भाषा है । किसी भी अन्य भाषा की तरह हिंदी भी मूल सोच की भाषा है । मुझे इस बात पर गर्व है कि विदेश मंत्रालय द्वारा विश्व हिंदी सम्मेलन तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का प्रयास किया जा रहा है । हिंदी भाषा के संबंध में कुछ गौरवशाली तत्वों को जानना भी मैं जरूरी समझता हूं। हमारी वर्तमान पीढ़ी को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि हिंदी भाषा के इतिहास पर सबसे पहले साहित्य की रचना ग्रासिन - द -तैसी एक फ्रांसीसी लेखक ने की थी । इसके साथ ही हिंदी भाषा पर पहला शोध कार्य थियोलॉजी ऑफ़ तुलसीदास को लंदन विश्वविद्यालय में पहली बार एक अंग्रेज विद्वान के आर कारपेंटर ने प्रस्तुत किया था । किसी भी भाषा के साथ उसकी संस्कृति जुड़ी होती है । भारत का सांस्कृतिक इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है । जो भी भारतवासी इस सांस्कृतिक इतिहास की जानकारी से अछूता रह जाता है , वह पूर्ण रूप से भारतीय नहीं हो सकता । अतः यह जरूरी है कि हम अपनी संस्कृति को समझने के लिए हिंदी का श्रृंगार करते हुए अब राजभाषा को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु आंदोलित को उठें ।

# गौरवशाली हिंदी भाषा, साहित्य का वैश्विक आकाश

### (14 सितंबर हिंदी दिवस)

संजीव ठाकुर

हिंदी भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है ÷राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है÷ हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा ÷हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया÷ यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है,

÷निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।
जय हिंदी जय हिंदुस्तान
हिंदी भाषा अमर रहे।

# शादी डॉट कॉम

### व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



चश्मा आँखों पर कम नाक पर ज्यादा चढ़ा था। इससे साफ पता चलता था कि बंदा पढ़ा-लिखा था। ऊपर से सड़कों से ज्यादा माथे पर सिलवटों के स्पीड ब्रेकर साफ दिखाई देते थे। मतलब वह विवाह के लिए तैयार बिटिया का पिता था। गंवारों की बिटिया जितनी जल्दी बियाह दी जाती हैं, पढ़े-लिखों की बिटिया प्रोफाइल जीवनसाथी डॉट कॉम में उतनी ही देर तक लंबित रहती हैं। मनचाही मुराद और मिस्टर परफेक्टनिस्ट दामाद ये दोनों क्षितिज की तरह होते हैं। यानी ये दोनों भ्रम हैं। एक दिन जीवनसाथी डॉट कॉम से फोन आया। फोन भी ऐसा आया कि जीवन डॉट से ज्यादा डाउट और साथी कॉम से ज्यादा कॉमा लग रहा था। पिता को साथी के साथ कॉमा पसंद था। चुनने के विकल्प जो मिलते थे, वहीं बेटी को अपने भविष्य को लेकर जीवन में बहुत डाउट थे। कुल मिलाकर पिता सुनहरे जीवन और बेटी बेजोड़ साथी की तलाश में जीवनसाथी वेबसाइट पर नाक रगड़ रहे थे। नाक रगड़ने का परिणाम यह हुआ कि बिटिया की उम्र तीस पार हो गई। तीस पार की लड़की का पिता मनचाहा की जगह समझौता मिजाज हो जाता है। एक दिन एक रिश्ता आया। लड़का खूब पैसों वालों का इकलौता वारिस था, बालों के नाम पर गंजा कहलाता था। शहर में दो-चार कोठियाँ-दुकानें थीं, शरीर के नाम पर सिर और कमर के बीच पिजा-बर्गर का गोल गुंबज था। पानी के नाम पर थोक में कोक पीता था। लड़की समझ नहीं पा रही थी कि इस रिश्ते को जोक मानकर हँसे या शोक मानकर रोए। इसी जोक और शोक के बीच लड़की का पिता कूदा। बेटी को लड़के से अकेले में बात करने के लिए भेजा। शर्त यह थी कि लड़की कुछ नहीं कहेगी। हुआ वही जो होना था। लड़के को लड़की पसंद थी। लेकिन लड़की को लड़का नहीं। लेकिन पिता को अब इस बात की कोई परवाह नहीं थी। उसने बिटिया को समझाया - एक जमाना था शादी लडके और खानदान को देखकर की जाती थी, अब बैंक बैलेंस और कोठी देखकर की जाती है। दो दिन की चमड़ी के लिए चार दिन की संपत्ति थोड़े न छोड़ते हैं। उसकी सूरत और सीरत को छोड़ दौलत को देख। खुशियों की खुशबू दौलत के बगीचे में बसती है। कौनसा वह मूर्ख है जिसे तुझे कालीदास बनाना है। खुद इंटर पास है लेकिन नौकर-चाकर पीजी पास हैं। ज्यादा पढ़ने से कुछ नहीं होता। ज्ञान तो सड़क पर रोता है। ज्ञानी आज अज्ञानियों के यहाँ नौकरी कर रहे हैं। करोड़ में कितने शून्य होते हैं, यह पढ़ने-पढ़ाने और दिखावे की बाते हैं। तिजोरी में कितने रुपए हैं, वही हमारी औकात बताते हैं। लड़की संस्कार से मजबूर थी। पिता का कहा कैसे टालती? शादी हुए चार सा बीत गए हैं। न बच्चा है न कच्चा है। भविष्य के उत्तराधिकारी की बाट जोह रहे हैं।

## सेहत — माउथवॉश से ओरल कैंसर का रहता है खतरा

जो लोग हर रोज माउथवॉथ का इस्तेमाल करते हैं उनके लिए एक बुरी खबर है. हाल ही में एक रिसर्च सामने आई है जिसमें कहा गया है कि माउथवॉश का ज्यादा इस्तेमाल आपको ओरल कैंसर की तरफ धकेल सकता है. माउथवॉश की जगह मुंह को फ्रेश रखने के लिए अगर आप घरेलू चीजों और हर्बल चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो वह ज्यादा फायदेमंद होता है.

**क्या कहता है रिसर्च**-रिसर्च में यह बात सामने आई है कि माउथवॉश में इथेनॉल नाम का एक खास तरह का पदार्थ होता है जो मुंह की बैक्टीरिया का साथ मिलता है तो तुरंत एसीटैल्डिहाइड में बदल जाता है. और यह ओरल कैंसर पैदा करने में सक्षम है. इसलिए हर रोज माउथवॉश का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि यह कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है. फ्रंटियर्स रिसर्च फाउंडेशन में पब्लिश एक आर्टिकल के मुताबिक एसीटैल्डिहाइड एक टॉक्सिक पदार्थ है. इस पादर्थ का लेवल अगर दिमाग में बढ़ जाए तो यह एसीटैल्डिहाइड का लेवल बढ़ाने लगता है.

**अल्कोहल वाले माउथवॉश**-अल्कोहल वाले माउथवॉश हमारे मुंह में अच्छे बैक्टीरिया को भी मारता है, जो नाइट्रोजन को नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है जो हमारे दिल के लिए अच्छा होता है.माउथवॉश से कैंसर होने पर रिसर्च की कमी के बावजूद रोजाना माउथवॉश के उपयोग को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते हैं. इसलिए अपने ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए घर पर बने नैचुरल तरीका ही सबसे बेस्ट होता है.

**नमक वाले पानी से कुल्ला**-नमक का पानी मसूड़ों की जलन को शांत करने, सूजन को कम करने और बैक्टीरिया को मारने में मदद कर सकता है. एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर करने से आपके ओरल हेल्थ के लिए बेस्ट है.

**बेकिंग सोडा से कुल्ला**-बेकिंग सोडा को पानी में घोलकर मुंह धोने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. यह मुंह में एसिड को बेअसर करने, प्लाक हटाने और सांसों को ताज़ा करने में मदद कर सकता है.

**हाइड्रोजन पेरोक्साइड कुल्ला**-बैक्टीरिया को मारने और दांतों को सफेद करने के लिए पतला हाइड्रोजन पेरोक्साइड समाधान (आमतौर पर 1-2 प्रतिशत) का उपयोग माउथवॉश के रूप में किया जा सकता है. इस पानी को निगलने से बचें क्योंकि यह हाइड्रोजन पेरोक्साइड से भी ज्यादा असरदार है क्योंकि यह आपके मुंह को सूजने से पहले दांतों पर दाग भी लगा सकता है.

**नारियल तेल का इस्तेमाल**-अपने मुंह में एक बड़ा चम्मच नारियल तेल डालें और उसे 15-20 मिनट के लिए घुमाते रहें. ऐसा करने से मुंह का बैक्टीरिया दूर हो जाता है. और ओरल हेल्थ में काफी ज्यादा सुधार होता है.

## रोजाना इस्तेमाल होने वाले एयरपॉड्स को साफ और नए जैसा कैसे बनाएं

रोज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में एयरपॉड्स हमारे संगीनी बन चुके हैं. चाहे वह फोन कॉल हो, मनपसंद संगीत की धुनें सुनना हो, या ऑनलाइन बैठकों में हिस्सा लेना हो, ये छोटे से डिवाइस हर जगह हमारे साथ होते हैं. इसलिए इन्हें साफ रखना भी उतना ही जरूरी है जितना इन्हें सुरक्षित रखना. इनका रेगूलर यूज करने से ये जल्दी गंदे हो जाते हैं. ऐसे में अपने एयरपॉड्स को साफ रखना बहुत जरूरी है. बाज़ार में तरह-तरह के एयरपॉड्स क्लीनिंग सोल्यूशंस उपलब्ध हैं, लेकिन घर पर भी हम आसानी से सफाई कर सकते हैं. अगर आप चाहते हैं कि आपके एयरपॉड्स हमेशा नए जैसे बने रहें और वह अच्छे से काम करे, तो आइए जानते हैं कि कैसे हम इसे घर पर साफ कर सकते हैं.

**सॉफ्ट ब्रश से**-पहली बात, एयरपॉड्स को चार्जिंग केस से बाहर निकालें. ध्यान दें कि आपके पास कोई लिक्विड न हो, जैसे पानी या अन्य लिक्विड. उसके बाद एयरपॉड्स को सॉफ्ट ब्रश से सावधानीपूर्वक साफ कर सकते हैं. मुलायम बालों वाला ब्रश से एयरपॉड्स के छिद्रों अच्छे से साफ हो जाते हैं. ध्यान दें कि आप जोर से न दबाएं और एयरपॉड्स को किसी भी प्रकार के लिक्विड से दूर रखें. अगर आपको लगता है कि उनमें पानी चला गया है, तो उन्हें सूखने दें.

**सॉफ्ट कपड़ा**-एक मुलायम, अधिक गीला नहीं होना चाहिए. उस कपड़े से एयरपॉड्स को धीरे धीरे साफ करें. केस की सफाई के लिए, मुलायम और सूखा कपड़ा लें और धीरे से सफाई करें. केस के अंदर जमी धूल को साफ करने के लिए ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं.

**कॉटन स्वैब**-कॉटन स्वैब पर थोड़ा सा आइसोप्रोपाइल अल्कोहल (रबिंग अल्कोहल) लगाकर एयरपॉड्स को साफ करें. इससे अच्छे से एयरपॉड्स चमक जाएंगे.

**पेंट ब्रश**-एयरपॉड्स के छेदों या दरारों से गंदगी निकालने के लिए एक पेंट ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं. वहीं ब्लू टेक टेप से एयरपॉड्स के मैग्नेट्स को साफ करें. वहीं चार्जिंग केस को साबुन और पानी से साफ कर सकते हैं.

## एक नजर

### राजस्व अमला त्रुटिरहित गिरदावरी कार्य करे :कलेक्टर

**जगदलपुर, 13 सितम्बर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने राजस्व अमलों द्वारा त्रुटि रहित गिरदावरी के कार्य करने कहा साथ ही सभी एसडीएम को सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा किए। उन्होंने डिजीटाईजेशन की स्थिति की,पीपीइएस एंट्री, डेम्प के प्लान आधार पर प्लानिंग, स्ट्रांग रूम की बेसिक तैयारियों पर चर्चा किए।कलेक्टर ने 13 सितम्बर से दो दिवसीय संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलम्पिक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलों से आने वाले खिलाड़ियों की आवासीय-भोजन व्यवस्था,समय पर सभी खिलाड़ियों को कार्यक्रम स्थल पहुँचने व वापसआवास स्थल पर आने के परिवहन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने उक्त कार्य के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संयुक्त कलेक्टर को जिम्मेदारी दिए। महिला खिलाड़ियों के आवास स्थल में नगर सेना के महिला गार्ड को सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग को खेल स्थल में एम्बुलेंश रखने के निर्देश दिए।बैठक में फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी की प्रगति,रीपा के तहत आर्थिक गतिविधियों की समीक्षा किए। चित्रकोट, तीरथगढ़ के पर्यटन स्थल के विकास पर चर्चा किए। कलेक्टर ने बैंक लिग्केज के द्वारा महिला स्व-सहायता को ऋण वितरण में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की प्रगति की समीक्षाकर लक्ष्य के आधार पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्व-सहायता समूह के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु की जानकारी संबंधित विभाग जानकारी देंने कहा गया ताकि उनके परिजनों को बीमा की राशि दी जा सके। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के तहत गोबर क्रय की तुलना में कम्पोस्ट बनाने की स्थिति में समीक्षाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर पेंट का निर्माण विभाग अग्रीम भुगतान कर उठाव करवाने कहा। उन्होंने सी-मार्ट में साफ-सुथरा सामान का विक्रय करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकानों से सामग्रियों की मात्रा में कमी के प्रकरण में वसूली की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र की प्रगति की समीक्षा किए। कलेक्टर ने एनएमडीसी सीएसआर की कार्यो के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र देने और वित्तीय वर्ष 2020-21 तक के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, डीएमएफटी मद के स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सामाजिक पेंशन के लिए आधार नंबर अपडेशन करवाए, साथ ही जीवित प्रमाण पत्र की जानकारी लेने के निर्देश दिए। सीएफआरआर के आवेदनों पर अनुभाग स्तर पर बैठक कर आवश्यक कार्यवाही किया जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, वनमंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री सी पी बघेल, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अजा,अजजा,ओबीसी की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 10 अक्टूबर तकआनलाइन पंजीयन

**जगदलपुर, 13 सितम्बर।** राज्य शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत समस्त शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पोलीटेक्निक आदि में अध्ययरनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीकरण सम्बन्धी अभ्यावेदन 10 अक्टूबर 2023 तक आमंत्रित किया गया है। इस दिशा में प्राचार्य या संस्था प्रमुख अथवा छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता है, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं एवं उच्चतर पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही द्धह्लह्लश्च-//श्चश्चह्यह्लद्गड्डह्लह्लद्ध-ह्यष्द्धश्चद्यड्डह्लह्य.द्गद्बश्च.ष्द्द.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति वर्ष 2023-24 हेतु तिथि निर्धारित की गई है। जिसके तहत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2023 तक, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने के लिए 15 सितंबर से 17 अक्टूबर 2023 तक और स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 15 सितम्बर से 20 अक्टूबर 2023 तक तिथि निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा।

# लालबाग खेल मैदान में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का हुआ शुभारंभ



**जगदलपुर, 13 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ की पारम्परिक खेल विधाओं की विरासत को पुनर्जीवित कर इन खेल विधाओं से नई पीढ़ी को जोड़ने का सार्थक प्रयास छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक है। इसकी शुरुआत कर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने सकारात्मक पहल के साथ ही इन खेल विधाओं के जरिये गांव से शहर के प्रतिभाओं को उभरने का बेहतर अवसर सुलभ कराया है। जिससे छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ प्रतिभा दिखा रहे हैं। इस संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में बस्तर संभाग के सभी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर में अपना परचम लहरायें और बस्तर का नाम रोशन करें। यह बात संसदीय सचिव श्री रेखचन्द जैन ने स्थानीय लालबाग खेल मैदान में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के शुभारंभ करने के पश्चात खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा।

इस अवसर पर कमिश्नर बस्तर संभाग श्री श्याम धावड़े ने स्वागत उदबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव से लेकर राज्य स्तर तक पारम्परिक खेलों के प्रतिभाओं को अपने दक्षता को प्रदर्शन करने मौका मिला है। इस संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में 16 विभिन्न खेल विधाओं में तीन आयु वर्ग के 2400 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ अपनी बेहतर प्रतिभा प्रदर्शन करें और चयनित होकर राज्य स्तर में अपनी श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर बस्तर को गौरवान्वित करें। आरंभ में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री रेखचन्द जैन ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के विधिवत उदघाटन की घोषणा की। वहीं गिल्ली-डंडा खेलकर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. सहित सभापति नगर पालिक निगम जगदलपुर श्रीमती कविता साहू, राजीव युवा मितान क्लब के जिला संयोजक श्री सुशील मौर्य और अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री हरेश मण्डावी तथा अधिकारी-कर्मचारी, सभी 7 जिलों के खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस दौरान अवगत कराया गया कि 13 से 14 सितम्बर तक आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023 में कब्बडी, खो-खो, रस्साकशी, सँखली,पिट्ठूल, कंचा-बाटी, गिल्ली-डंडा, लंगड़ी दौड़,100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, गेड़ी दौड़, रस्सीकूद, फुगड़ी, भौंरा, बिल्लस एवं कुश्ती खेल विधाओं में 0 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभा रहे हैं। आरम्भिक खेल 100 मीटर दौड़ में 0 से 18 वर्ष आयु समूह के बालक वर्ग के नारायणपुर जिले के राजेश कोर्राम ने प्रथम,कोण्डागांव के योगेश कोर्राम ने द्वितीय तथा दंतेवाड़ा जिले के अनिल तामो ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं उक्त आयु समूह के बालिका वर्ग में कांकेर जिले की तार्निका ने प्रथम, दंतेवाड़ा जिले की अक्षरा वेक ने दूसरा और बस्तर जिले की वेदवती कश्यप ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

### सीपी बघेल को मिला अपर कलेक्टर का दायित्व

जगदलपुर, 13 सितम्बर । राज्य शासन के आदेशानुसार कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा अपर कलेक्टर जिला बस्तर के पद पर श्री चन्द्रिका प्रसाद बघेल को पदस्थ किये जाने के फलस्वरूप कार्य आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। उक्त आदेश के प्रभावशील होने के साथ ही श्री हरेश मंडावी को अपर कलेक्टर के चालू प्रभार से मुक्त किया गया है।

## रवा देवा और सोड़ी कोसा की गोली मारकर हत्या की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 13 सितंबर।** मेरे पति रवा देवा एवं सोड़ी कोसा को फर्जी मुठभेड़ में गोली मारकर हत्या किया गया है मेरे पति रवा देवा पिता बन्डी एवं सोड़ी कोसा पिता बीड़ा, ग्राम ताड़मेटला से दिनांक 04.09.2023 को धान विक्रय का रकम लेने ग्राम तिम्मापुरम निवासी मुचाकी माना के पास गये थे कि उसी दिन दोपहर को ग्राम चिन्तलनार में पेट्रोल व्यवसायी से अपनी मोटर साईकिल में पेट्रोल भरवाकर वापस अपने गांव ताड़मेटला की ओर आ रहे थे, किं चिन्तलनार थाने के पास ही चिन्तलनार के पुलिस कर्मचारियों के द्वारा दोनों को मौके पर रोककरउन्हें मोटर साईकिल सहित थाना ले जाया गया, और उन्हें दिनांक 04.09.2023 को ही गोपनीय तरीके से बुरकापाल एवं ताड़मेटला के मध्य रात्रि लगभग 8.00 बजे पुलिस कर्मचारियों द्वारा उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। गोलियो की आवाज ग्रामीणों ने सुनीरवि सोनी ने आगे बताया की बुरकापाल एवं ताड़मेटला के ग्रामवासियों ने दिनांक 04.09.2023

को रात्रि 8.00 बजे तीन से चार गोलियों की आवाज भी सुनी है। लेकिन पुलिस ने झूठी कहानी रचते हुए दिनांक 05.09.2023 को सुबह ग्राम बुरकापाल एवं ताड़मेटला के मध्य जंगल में पुलिस वालों ने दोनों को गोली मारकर हत्या कर दिये और फर्जी तरीके से मुठभेड़ का रूप दे दिया गया है।इसी तथ्य को सोशल मीडिया पर झूठे तरीके से प्रचारित किया गया।उन्होंने आगे कहा की मेरे पति एवं सोड़ी कोसा दोनों कृषक है, मेरे पति एवं सोड़ी कोसा के नाम से राशन कार्ड बना हुआ है।आधार कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस,एक्सीस बैंक / ग्रामीण बैंक में बचत खाते , चेक बुक की सुविधा है वही हीरो मोटर साईकिल क्रय करने से संबंधित दस्तावेज है। मेरे पति ग्राम ताड़मेटला में ही दैनिक उपयोग की वस्तुए विक्रय का दुकान संचालित करते थे और प्रत्येक साप्ताहिक बाजार में भी सामान का क्रय-विक्रय करते थे। वे दोनों नक्सली संगठन से जुड़े नहीं थे। पुलिस वाले पकड़कर योजनाबद्ध तरीके से गोली मारकर उन दोनों की हत्या किये और उसे मुठभेड़ का रूप दियागया है। मेरे पति एवं सोड़ी कोसा को गोली मारकर हत्या किये और दोनों के शवो को सुकमा लाया गया, फिर बाद में उन्हें दफनाने के लिए हमारे गांव ताड़मेटला लाकर बिना हमारी सहमति के पुलिस

वालों ने ही दोनों के शवो को जबरन जला दिया है।

हत्या के बाद मुठभेड़ का रूप दिया गया मेरे पति रवा देवा एवं सोड़ी कोसा को गोली मारकर हत्या करने के बाद फर्जी मुठभेड़ था, कहानी रचा गया है। मेरे पति रवा देवा एवं सोड़ी कोसा की गोली मारकर जिन पुलिस वालों ने हत्या कर उसे मुठभेड़ का रूप दिया जा रहा है, उन सभी दोषी पुलिस अधिकारी एवं

कर्मचारियों को विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया जाये । मेरे पति रवा देवा एवं सोड़ी कोसा को पुलिस के द्वारा गोली मारकर हत्या किये दोषी पुलिस वालों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्यवाही किऐ जाए मैं न्याय की गुहार लगाती हूं वही सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि दोनों नक्सली संगठन के थे।

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के पदों की पूर्ति के लिए प्लेसमेंट कैम्प 15 सितंबर को

**सुकमा, 13 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा में 15 सितंबर को सुबह 11 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक कप्स्टोन फैसिलीटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के माध्यम से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के लिए 575 पदों पर पुरूष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिनमें सिक्योरिटी गार्ड के 530 पदों में आयुसीमा 20 से 35 वर्ष, शरीरिक कद 167.5 सेमी, शैक्षणिक योग्यता 8वीं से 10वीं उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण तथा सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 45 पदों में आयुसीमा 30-35 वर्ष, शरीरिक कद 172 सेमी, शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास निर्धारित की गई है। उक्त दानों पदों में शरीरिक वजन न्यूनतम 55 किलो और प्रतिमाह वेतन सिक्योरिटी गार्ड हेतु 14500 रुपये एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर हेतु 18500 रुपये रखी गई है। इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ ले सकते हैं।

## उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 में एनएमडीसी का शानदार प्रदर्शन

**हैदराबाद, 13 सितम्बर।** राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी ने हाइबिज़ टीवी के एजुकेशन एंड बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स 2023 में 6 पुरस्कार जीते। बिजनेस एक्सीलेंस समारोह में लीडरशिप एक्सीलेंस, सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और सर्वोत्तम खनिज विकास कंपनी अवार्ड जीतकर एनएमडीसी एक उद्योग चैंपियन के रूप में उभरा है। शिक्षा में उत्कृष्टता के क्षेत्र में , कंपनी के आस्था विद्यामंदिर ने परिवर्तनकारी शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार जीता; सक्षम ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अभिनव स्कूल का पुरस्कार प्राप्त किया; और एनएमडीसी आवासीय विद्यालय को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ आवासीय विद्यालय का अवार्ड प्रदान किया गया। एनएमडीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी को देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। अपनी टीम को नई उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा,



×ह्लद्बश्ल्ल;टीम एनएमडीसी ने दृढ संकल्प लिया है कंपनी ने अपने इतिहास में अब तक जितनी उपलब्धि हासिल की है उसके बराबर की उपलब्धि वह आगामी पांच वर्षों की अवधि में प्राप्त करेगा। हम भारत के लिए एक बेहतर भविष्य बना रहे हैं और बस्तर, छत्तीसगढ़ की दूर-दराज स्थित बस्तियों में ऐसे विद्यालयों की स्थापना करना हमारे लिए सम्मान की विषय है जो हमारे देश के भविष्य के सपनों को शक्ति प्रदान कर सकें।÷ कंपनी के निदेशक (तकनीकी) श्री विनय कुमार ने एनएमडीसी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किए और व्यावसायिक समुदाय की उपलब्धियों और योगदान को मान्यता प्रदान करने में मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ×ह्लद्बश्ल्ल;खनिज जवाबदेही और टिकाऊ खनन एनएमडीसी के जिम्मेदार खनन के केंद्र में हैं, और प्रसन्नता है कि हमारे प्रयासों को मान्यता दी गई है और सराहना की गई है।

## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री की घोषणा वाले कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**सुकमा, 13 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोधन न्याय योजना के तहत जिले के सभी गौठानों में हो रही गोबर खरीदी की विस्तार से समीक्षा कर, सभी गौठनों में निर्धारीत मात्रा में गोबर खरीदी सुनिश्चित करने और गोबर खरीदी में लंबित प्रकरणों का शत- प्रतिशत निराकरण कर शीघ्र ही भुगतान करने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस. एस ने समय-सीमा की बैठक में दिए। बैठक में विभागवार जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री की घोषणा वाले लंबित कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में चल रहे निर्माणधीन कार्यों की समीक्षा कर, आंगनवाड़ी, पीडीएस और स्कूल भवनों में निर्माण कार्य को समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने को कहा। बैठक में स्वामी आत्मनंद स्कूल हिंदी एवम् इंग्लिश मीडियम के निर्माण सहित पुलिया निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कलेक्टर ने बच्चों को प्रदाय की जा रहे अण्डों का जिले के सभी आगनवाड़ियों में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु संबंधित ग्राम पंचायतो के समूह की महिलाओं द्वारा अण्डा वितरण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शिविर लगाकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने राजस्व व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों के जाति-निवासी प्रमाण पत्र शीघ्र बनाएं। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि शेष बचे हुए आवेदन फॉर्म को एकत्रित करके अपलोड करने प्रस्तुत करें। साथ ही जाति-निवासी प्रमाण पत्र में सरलीकरण व्यवस्था के तहत ग्राम सभा के अनुमोदन से जाति प्रमाण पत्र बनाने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिम्पोमेटिक पाए गए चिन्हांकित मलेरिया पेशेंट के पारा-मोहल्ले में निवासरत सभी लोगों का मलेरिया परीक्षण करने निर्देश दिए और एसिम्पोमेटिक पाए जाने पर यथा शीघ्र चिकित्सा संबंधी सुविधा प्रदाय करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में ग्रामीण आवास न्याय और आवास प्लस योजना की विस्तार से समीक्षा कर, योजना के तहत लक्ष्य अनुरुप आवासहीन हितग्राहियों के समय सीमा में पंजीयन कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत् निर्धारित लक्ष्य के तहत पंजीकृत किसानों का ई केवाईसी कर, किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत पंजीकृत किसानों के विफल भुगतान के खाता सत्यापन के प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु कलेक्टर ने पोलिंग स्टेशनों के लिए चिन्हांकित भवनों में बिजली, रैंप जैसे मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, मतदान दिवस पर होने वाले वेबकास्टिंग सहित निर्वाचन सम्बंधित अन्य विषयों पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।समय सीमा के बैठक में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा), गौमूत्र खरीदी, गोबर पेंट, सी मार्ट, धान पंजीयन, जाति-निवासी प्रमाण पत्र, पीडीएस भवनों में खाद्यान्न भंडारण, सुपोषण केन्द्र, जल जीवन मिशन सहित शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री डी एन कश्यप, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### विश्वआत्महत्या रोकथाम सप्ताह मनाया

**सुकमा, 13 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 6 से 12 सितंबर तक ''क्रिएटिंग होप थ्रू एक्शन'' की थीम पर विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह मनाया गया। सीएमएचओ डॉ महेश सांडिया तथा सिविल सर्जन डॉ अभय सिंह तोमर निर्देशानुसार तथा नोडल डॉ महादेव बारसे तथा टीपीएम श्री भास्कर चौधरी के मार्गदर्शन में डीएमएचपी टीम क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नित्या देवांगन व साइकाइट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी के द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे स्कूलों में छात्र-छात्राओं को आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रम व शिल्प कला के बारे में बताया गया। शिविरों का आयोजन कर, स्कूल बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी प्रदान की गई। गांव में डोर-टू-डोर आत्महत्या रोकथाम के प्रति जागरूक कार्यक्रम किया गया। माताओं को मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या के बारे में बताया गया और गांव में कम उम्र में लड़कियों की शादी न करने व ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शिक्षा देने की बात कही गई। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को गर्भावस्था में होने वाली मानसिक परेशानियों के बारे में भी बताया गया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण, मितानिन दीदियों ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व युवाओं का योगदान रहा।

#### जांच कमेटी का गठन कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

## छात्राओं से छेड़छाड़ और टीसी देने की धमकी देने वाले प्राचार्य को हटाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 13 सितंबर।** मर्दाकला हाई स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ प्रचार्य के द्वारा छेड़छाड़ व बदतमीजी से नाराज होने वाली छात्राओं को टी.सी. देने की धमकी देने वाले प्रचार्य को जिलाधीश ने स्कूल से हटा दिया है, साथ ही इस संबंध में तत्काल जांच कमेटी का शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है ताकि इस पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके गरियाबंद विकासखंड के अंतर्गत मरदाकला हाई स्कूल के प्राचार्य द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ बदतमीजी करने के साथ ही उनके हरकतों का विरोध करने पर स्कूल से टी.सी.दे देने की धमकी दी जाने की शिकायत जन चौपाल मे जिलाधीश से की गई थी जिसे जिलाधीश ने गंभीरता से लिया और आदिवासी सहायक आयुक्त को जांच कमेटी गठित करने का निर्देश देते हुए तत्काल प्रचायँ को वहां से हटाने का निर्देश दिया था इसी कड़ी में आज गरियाबंद के सहायक आयुक्त नवीन भगत ने उक्त प्राचार्य को शाला हटाते हुए मैनपुर जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कमेटी का अध्यक्ष के साथ 3 सदस्यी दल बनते हुए तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है.

# महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके प्रेमी को किया गिरफ्तार

**भिलाई,13 सितंबर।** उतई थाना क्षेत्र के ग्राम करगाडीह मौहारी भाठा में हुई एक महिला की हत्या उसके प्रेमी ने कर दी वारदात की गुत्थी को पुलिस 24 घंटे के भीतर ही सुलझाते हुए मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया मृतका उससे बार पैसे मांगती थी और ब्लैकमेल करती थी इससे तंग आकर उसने ब्लेड से प्रेमिका का गला काटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने की धाराओं के तहत कार्रवाई की है मंगलवार की सुबह पुलिस को जानकारी हुई कि ग्राम करगाडीह मौहारी भाठा की खेत में एक महिला की लाश मिली थी किसी ने गला काटकर उसकी हत्या कर की थी पतासाजी के दौरान मृतका की पहचान आदर्श नगर बाबा पारा उतई निवासी जमुना बाई गोस्वामी (32) के रूप में हुई उसकी %हत्या के आरोप में पुरई निवासी उसके प्रेमी यशवंत साहू ( 34 ) को गिरफ्तार किया गया आरोपित ने सोमवार की रात को जमुना को करगाडीह मौहारी भाठा के



पास खेत में मिलने के लिए बुलाया था और उसकी हत्या कर दी थी। आरोपित यशवंत साहू ने दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि उसकी पत्नी भी उसके साथ मकान बनाने के काम में मजदूरी करती थी उसे जमुना और उसके बीच के अवैध संबंध की जानकारी हो गई थी इसके कारण करीब पांच महीने पहले आरोपित की पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके भोथीपार चली गई थी पत्नी के जाने के बाद यशवंत परेशान रहने लगा था मृतका जमुना बाई गोस्वामी भी शादीशुदा थी और उसके तीन बच्चे भी हैं लेकिन, वो 10 साल से अपने पति रुद्र गोस्वामी और तीनों बच्चों को छोड़कर अपने मायके में रहने लगी थी आरोपित यशवंत साहू ने पुलिस को बताया कि जमुना से वो काफी ज्यादा परेशान हो चुका था वो बार बार उससे रुपये मांगती थी इसके चलते उसने चार दिन पहले ही उसकी हत्या करने की योजना बना ली थी सोमवार की रात को पौने आठ बजे जमुना ने उसे फोन किया और मिलने के लिए बुलाया यहां यशवंत ने वारदात को अंजाम दिया

उक्त समस्त कार्यवाही में उतई टीआई कपिल देव पाण्डेय, उप निरी पुरूषोत्तम कुरे तउनि मनहोहन साहू, सउनि नेमन सिंह साहू सउनि मोह शरफुददीन शेख सउनि राजकुमार देशमुख, प्र आर हेमंत चंदेल, भिष्म नारायण साहू आर विजय कुर्रे,आर दुष्यंत लहरे आर0 जगेन्द्र साहू, आर चुम्मन हरी नेताम एसीसीयू के सउनि चंद्रशेखर सोनी आर राजकुमार चंद्रा मेघराज चेलक की सराहनीय भूमिका रही।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी फरार,जुर्म दर्ज

**भिलाई ।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र में बच्ची से उसके पिता के साथ कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने ही दुष्कर्म कर डाला। आरोपी रात में बच्ची को घुमाने के बहाने साथ लेकर गया था। काफी देर बाद बच्ची के लौटने पर उसके साथ हुई दरिंदगी का पता चला तो परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने फिलहाल फरार आरोपी राजकुमार गोंड के खिलाफ धारा 376, 5, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर लिया है जब खून से लथपथ मिली तो वारदात का पता चला इसके बाद परिजनों ने भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि पीड़िता महज तीन साल की बच्ची है। उसके पिता हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया की एक कंपनी में काम करता है। वहीं उसका साला और उसका दोस्त राजकुमार गोड़ भी काम करते हैं साले के बुलाने पर वह राखी में पत्नी व बच्ची के साथ उसके घर गए थे। तब से वहीं रह रहे थे और वहीं से ड्यूटी भी साथ चले जाते थे। घरेलू संबंध होने से राजकुमार का भी उनके साले के घर आना-जाना था। सोमवार रात करीब 8 बजे राजकुमार उनके साले के घर आया ।

## एक नजर

### राजिम पुल से लेकर सिंधौरी तक चौड़ीकरण की तैयारी



**राजिम, 13 सितंबर (तरूण छत्तीसगढ़)।** मंगलवार की शाम रायपुर रोड में 40 फीट दांए तथा 40 फीट बाएं नाप जोक का कार्य चल रहा है इसमें पटवारी, इंजीनियर तथा नगर पंचायत अमला लगे हुए थे। जानकारी के मुताबिक राजिम पुल से लेकर सिंधौरी तक रोड चौड़ीकरण करने की तैयारी तेज गति से चल रही है। उल्लेखनीय है कि यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी के अंतर्गत आता है। जानकारी के मुताबिक रायपुर से लेकर पूरे देवभोग तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है अलग-अलग टेंडर दिया गया है। नवापारा शहर में भी चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है परंतु राजिम मे तैयारी चल रही है। इसके कारण सड़क किनारे की दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### नवविवाहिता ने बेइज्जती के कारण घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी



**राजिम/फिगेंश्वर,13 सितंबर (तरूण छत्तीसगढ़)।** मामला फिंगेस्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोसमखूंटा का है जहा एक नव विवाहता की लाश फांसी के फंदे पर लटके मिला इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मचा गया नव विवाहिता ग्राम फुलझर की रहने वाली थी मृतिका पूनम ध्रुव की शादी कोसमखूंटा निवासी घनश्याम ध्रुव से 6 माह पूर्व हुई थी पूनम की लाश घर के कमरे में मिली, पूनम के पास से एक सुसाइट नोट भी बरामद हुआ है जिसमें माफ करना परिवार वालो आज का बेज्जती बर्दाश्त नही हुआ यह लिखा हुआ है साथ ही अपने पति को शिक्षक की नौकरी देना और खुद को वन रक्षक की नौकरी नही मिलने की बात लिखी हुई है पूनम ने शादी के महज 6 माह बाद ऐसा खौफनाक कदम क्यो उठाई है जो जांच के घेरे में है और किसने इतना बेइज्जत किया जीना मुनासिब नहीं समझा और मौत को गला लगा ली बहरहाल यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का मृतक के पास मिली सुसाइड नोट को पुलिस कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है साथ ही मौके पर तहसीदार फिंगेस्वर खोमन ध्रुव भी पहुंचे थे।

### कलेक्टर-एसपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**महासमुंद।** जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति का समीक्षा कलेक्टर प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने की। कलेक्टर मलिक ने कहा कि धारा-110, 107, 116 के प्रकरण दर्ज करते हुए लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने धारा-145 अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि चक्काजाम की स्थिति में बाई पास रोड का विकल्प पहले से ही तैयार रखें। ताकि, आम नागरिक को किसी तरह की असुविधा नहीं होना चाहिए। आगामी निर्वाचन को देखते हुए सभी पोलिंग बुथ को मैपिंग के जरिए दिखाने कहा गया। साथ ही सभी 99 सेक्टर को भी मैप के जरिए दर्शाने के निर्देश दिए गए। मैप में पुलिस थानों की स्थिति को भी दर्शाने कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीएमओ, आरटीओ, जीएसटी के सहायक आयुक्त एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।कलेक्टर मलिक ने कहा कि आगामी निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए चेक पोस्ट में सतत निगरानी की आवश्यकता है। मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाए। यदि परिवहन किए जा रहे वाहनों में सामानों की रसीद उपलब्ध नहीं है, तो उसे जब्ती करें। साथ ही जीएसटी रसीद का भी अनिवार्य रूप से अवलोकन करें। सभी अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में पुलिस के ठहरनें व अन्य सुविधा के लिए कमरा, टॉयलेट या अस्थायी शेड निर्माण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने शहर के अंदर रोड के किनारें बेतरतीब खड़े हुए वाहनों के लिए कार्रवाई करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए हैं।

उन्होंने ओवर लोडिंग गाड़ियों और सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक सड़क किनारे खड़ी माल वाहक गाड़ियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि लम्बे समय से एक ही स्थान पर खड़े कंडम गाड़ियों को भी जब्ती की कार्रवाई करें।

अयोध्या में बन रहे राम लला के मंदिर निर्माण में एक माह किया श्रमद

# अयोध्या मंदिर में श्रमदान कर लौटने वालों का जगह-जगह किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**पत्थलगांव, 13 सितंबर।** भक्त और भगवान के रिश्ते की कोई हद नही है,कहते है जब भक्त परीक्षा देने पर उतारू हो जाता है तो स्वयं भगवान को उतरकर जमीन पर आना पडा है। यहा के एक सराफा व्यवसायी ने भी भगवान एवं उसकी भक्ति की कतार मे अपना नाम दर्ज कर लिया है। सराफा व्यवसायी से मामुली कर्मचारी बनकर सोना चांदी का व्यवसाय करने वाले जशपुर रोड बाजार पारा निवासी गोपाल अग्रवाल ने अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर मे लगातार एक माह तक काम कर अपना श्रमदान किया है। दिन सोमवार को उनके घर वापसी पर जगह-जगह दीपो की थाल लेकर स्वागत किया गया। जशपुर रोड बाजारपारा मे स्थित ज्वलेर्स दुकान के संचालक गोपाल अग्रवाल भगवान के प्रति भक्त की भक्ति को संजोय रायपुर के मित्र निशांत गुप्ता के साथ 11 अगस्त को अयोध्या रवाना हुये थे। वहा पहुंचते ही उन्होने निर्माणधीन मंदिर मे श्रमदान करने की योजना बनायी,परंतु कडी सुरक्षा के बीच तैयार हो रहे मंदिर मे उन्हे काम करने की जगह उपलब्ध नही हो पायी,जिसके बाद उन्होने सराफा व्यवसायी का लिबास उतारकर साधारण दिहाडी मजदुर का लिबास पहन लिया,उन्होने मंदिर निर्माण करने वाली कंपनी एल.एन.टी का एक अदना सा कर्मचारी बनकर दिन रात राम मंदिर के निर्माण मे श्रमदान किया। उन्होने वहा लगातार तीस दिनो तक कडी मेहनत कर मंदिर निर्माण मे अपना सहयोग प्रदान किया। अयोध्या से लौटकर गोपाल अग्रवाल बताते है कि भगवान राम के घर का निर्माण करने मे कई स्वर्ग मिलने जैसी अनुभुति प्रदान होती है,उनका कहना था कि श्रम दान के दौरान आभाव मे रहने के बाद भी कभी उन्हे किसी प्रकार की दिक्कतो का सामना करना नही पडा। वे बताते है कि इन तीस दिनो के दौरान मंदिर निर्माण मे लगे सैकडो लोगो से उनकी अच्छी खासी जान पहचान हो गयी थी।

रक्षा बंधन के त्यौहार पर वहा मौजुद कर्मचारीयों के परिवार की महिलाओ द्वारा उन्हे राखी बांधी गयी। दरअसल गोपाल अग्रवाल शुरू से ही धार्मिक कार्यो मे अपनी भूमिका निभाते आये है,वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से भी जुडे हुये है।।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान



**रायपुर।** शाला विकास एवं जनभागीदारी समिति टिकरापारा, द्वारा शा. उ.मा. शाला टिकरापारा में दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील सन्नी अग्रवाल अध्यक्ष छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्षता- सतनाम पनाग अध्यक्ष-जल विभाग नपानि ने की विशिष्ट अतिथि कमलेश नथवानी नवीन चंद्राकर थे। शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। प्रमुख रुप से प्राचार्या श्रीमती संध्या तिवारी, विक्रम त्यागी, हृदयराम यादव, घनश्याम पटेल, शोभा ठाकुर, सुनीता यादव, राखी कर्मकार कार्यक्रम का संचालन उमेश गुप्ता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन के अध्यक्ष दयराम मेढे, नागेन्द्र तिवारी, मनोज राय, विधि नामदेव, योगेश साहू, जग्गूसिंह ठाकुर, भूपेन्द्र साहू, राजिक खान, लालाधनगर, दिनेश निर्मलकर, संजू तिवारी, डॉ. यशवंत साहू, भूत महोबिया, अनिश मनिहार, रमिज रजा, विष्णु गुप्ता, अंजना भट्टाचार्य, संगीता तिवारी, ईश्वरी सोनी, मल्लिका प्रजापति, अजय गोस्वामी, सुनील विभार, मनोज लालमन सिन्हा, रामसिंग ताण्डी, रामकृपाल साहू तथा आमंत्रित जागरिगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### काव्य कलश कला एवं साहित्य परिवार ने किया शिक्षाविदों का सम्मान

**खरसिया।** साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों की अग्रणी मंच काव्य कलश कला एवं साहित्य परिवार खरसिया के तत्वावधान में विभिन्न जिलों से पधारे शिक्षविदों का सम्मान किया गया। गायत्री मंदिर प्रांगण खरसिया में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पधारे साहित्यकारों एवं शिक्षाविदों की गरिमामय उपस्थिति रही। विभिन्न शासकीय अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत समाज के मार्गदर्शक एवं राष्ट निर्माता शिक्षकों को मंच द्वारा भव्य सम्मान समारोह में 40 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं को काव्य कलश शिक्षक रत्न सम्मान 2023 प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम वेदमाता गायत्री की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

# अपने दोस्त के साथ घटारानी घूमने आई युवती से गैंगरेप



**राजिम/फिगेंश्वर, 13 सितंबर।** गरियाबंद जिले के फिगेंश्वर थानाक्षेत्र घटारानी में दुष्कर्म के दो आरोपी को फिगेंश्वर पुलिस ने पकड़ कर सीधे जेल भेज दिया गया है बताया जा रहा है कि उक्त युवती अपने दोस्त के साथ घटारानी घुमने आये थी जहां उसके साथ गैंगरेप की ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि जब धार्मिक स्थल जतमई, घटारानी में प्रेमी जोड़ा या फिर अपने दोस्तों के साथ घूमने आने वाले सैलानियों के साथ लूट पाट, छेड़ छाड़ ,मारपीट जैसे इस प्रकार की घटना होती रहती है पर लोक लाज के डर में बहुत से लोग इन घटनाओं को छुपा देते हैं इसी वजह से दरिंदों की हौसला बढ़ रहे हैं और घटना को अंजाम दे रहे हैं शिकायत नहीं होने के चलते कार्रवाई नहीं होती और जो हिम्मत दिखाकर थाना पहुंचते है उस पर पुलिस द्वारा बकायदा कार्रवाई करती है ऐसा ही एक मामला फिर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल घटारानी धाम में घूमने आए एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है जिस पर थाना फिगेंश्वर में पीड़िता ने थाना फिगेंश्वर में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटारानी में अपने दोस्त के साथ घुमने गयी थी तभी रास्ता में दो व्यक्ति द्वारा रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट कर जंगल के अंदर ले जाकर दुष्कर्म कर अश्लील विडियो बनाकर उसके पास रखे पैसे को लुट लिया और किसी को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी देकर विडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसो की मांग करने कि रिपोर्ट पर थाना फिगेंश्वर में अपराध क्रमांक 288/2023 धारा 341, 323, 506,392, 376 (घ) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में जांच के दौरान थानाप्रभारी फिगेंश्वर निरीक्षक कृष्णा प्रसाद जांगड़े द्वारा टीम गठित कर आरोपीयो का पतासाजी कर आरोपी . महेन्द्र सिन्हा पिता स्व0 उत्तम सिन्हा उम्र 27 वर्ष निवासी छुईहा थाना फिगेंश्वर, वा. राजु यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 29 वर्ष निवासी जोगीडीपा थाना फिगेंश्वर, जिला गरियाबंद को पुछताछ कर अपराध स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड लिया जाता हैं इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णा प्रसाद जांगड़े, द्वारिका देशलहरे, प्रहलाद ठाकुर, दुलेश्वर बघेल दिलीप सिन्हा, संतोष ठाकुर, आरक्षक गोविन्दा दीवान, भरत सेन, यशवंत पटेल का योगदान रहा।वही इस बारे में थाना प्रभारी फिंगेस्वर कृष्ण प्रसाद जांगड़े ने बताया कि महिला ने थाना आकर अपने साथ हुए दुष्कर्म और लूट की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है जिस पर दो आरोपी को हिरासत में लिया गया है और विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है।

### निजी स्कूल एसो. का 14 को धरना

**महासमुंद।** ब्लॉक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा 14 सितंबर को महासमुंद कचहरी चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टाकसाले ने दी। इस प्रदर्शन में सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील है।

# सेंट्रल पूल में चावल कटौती पर अब मौन क्यों है भाजपा नेता:राशि महिलांग



**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा धान खरीदी शुरू होने से पूर्व सेंट्रल पुल में की गई कटौती को लेकर कांग्रेस नेत्री और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि जब से केंद्र सरकार की ओर से चांवल 86 लाख मीट्रिक टन से घटाकर 61 लाख मीट्रिक टन ही खरीदने की घोषणा की गई है। तब से केंद्र सहित यंहा राज्य के भाजपा नेताओं के मुंह पर ताला लग गया है। क्योंकि उन्हें मालूम चल गया है कि अगर उन्होंने कुछ भी कहा तो उन्हें पार्टी द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। श्रीमती महिलांग ने किसानों से कहा ये वहीं भाजपा सरकार है जो चुनाव से पूर्व ढ़िढोरा पीटते हुए आ रही है कि 80 फीसदी धान खरीदी वे करते है। अब जब इस वर्ष भूपेश सरकार ने खरीदी की लिमिट 15 से 20 किवंटल और समर्थन मूल्य को भी बढ़ा दिया है तो केंद्र सरकार ने अभी से अपने हाथ खींच लिए है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि इससे छग के किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। प्रदेश में जब तक कका भूपेश बघेल है तब तक किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने कहा है कि वे 20 किवंटल और तय नए समर्थन मूल्य के आधार पर किसानों से इस वर्ष धान खरीदी कर अपना वायदा निभाएगी। केंद्र चाहे कटौती करें या कुछ भी करें। हां खरीदी के बाद वर्तमान में कटौती को लेकर मौन साधे हुए भाजपा नेता ये जो बयान देंगे कि छग में होने वाली धान खरीदी का 80 फीसदी केंद्र सरकार करती है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि 2013 केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब तक प्रदेश में धान खरीदी और किसानों को बोनस भी मिलता था जैसी ही डबल इंजन की सरकार बनी न सिर्फ बोनस में कटौती हुई बल्कि धान की लिमिट 10 किवंटल तक पहुंच गई थी। सरकार रहते हुए ये कभी 60 लाख मीट्रिक टन तक की खरीदी नहीं कर पाए। जबकि कांग्रेस ने 80 लाख मीट्रिक टन से शुरुआत की और आज 125 लाख मीट्रिक टन पहुंच गए हैं। नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि केंद्र की भाजपा को भूपेश बघेल से इतना भय हो गया है कि वे राज्य में चुनाव जीतने के लिए हर तरह का पैंतरा अपना रही है। लेकिन उन्हें नहीं मालूम कि चाहे वे कुछ भी कर ले जीत निश्चित रूप से कांग्रेस और भूपेश बघेल की ही होगी।

# नरवा मिशन में नालों के उपचार से गांवों में हो रही खेतों की सिंचाई



**महासमुंद।** नरवा शब्द से आशय यह है कि छत्तीसगढ़ में नालों को नरवा कहा जाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप समस्त नरवा का उपचार के लिए नरवा मिशन प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत राज्य के नालों पर चेकडेम बना कर पानी रोकना तथा उस पानी को खेतों की सिंचाई के लिये उपलब्ध कराना है। इसके अलावा नालों के जरिये बरसात का जो पानी बह जाता है, उसे रोक कर भूगर्भीय जल को रिचार्ज करना है।महासमुंद जिले में स्थित भिखारी नरवा को उपचार की आवश्यकता थी। इस योजना के तहत नदी-नालों के पुनर्जीवन से किसानों को सिंचाई के लिए जहां भरपूर पानी मिलेगा। वहीं किसान दोहरी फसल भी ले सकेंगे। नरवा कार्यक्रम के तहत् वैज्ञानिक पद्धति से उपचार और वर्षा जल के संचयन करने अनेक स्थानों पर स्टॉप डैम, कंटूरबण्ड आदि संरचनाएं बनाए गए। वर्षा जल के संचयन और नदी नालों के उपचार से आसपास के क्षेत्र की मिट्टी में नमी बढ़ी। साथ ही फसलों की सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हुआ। वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने जानकारी दी कि वर्षा जल के संचयन से भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। नदी नालों के पुनर्जीवन की योजना के पूर्ण होने से न केवल इसके दूरगामी जनहितकारी परिणाम निकलेंगे, बल्कि जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित होगा। जिले के कई क्षेत्र में छोटे-छोटे नदी नाले है जिनके जल संसाधन का उपयोग नहीं हो सका है। पहले ऐसे नदी नालों में वर्ष के छह से आठ महीने भरपूर पानी रहता था, परंतु वर्तमान में अनवरत भूगर्भीय, जल दोहन से इनके जल भराव की क्षमता घट गई है। फलस्वरूप ये नदी-नाले सूखे मौसम के आने से पहले ही सूख जाते हैं।भिखारी नरवा उपचार अंतर्गत किए गए कार्यनरवा विकास योजना के अंतर्गत महासमुंद वन मंडल के वन परिक्षेत्र महासमुंद अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में महासमुन्द परिक्षेत्र के सिरपुर परिवृत्त अंतर्गत कक्ष क्रमांक 06, 26, (800, 804, 809 वीवीएन) भिखारी नाला को उपचारित किया गया है। भिखारी नाला की कुल लम्बाई 6.40 कि.मी एवं जल संग्रहण क्षेत्र का रकबा 790.000 हेक्टेयर वन क्षेत्रफल का भू-जल संरक्षण एवं मृदा क्षरण उपचार किया गया है। उपचार के लिए लूज बोल्डर चेकडैम, ब्रशवुड चेकडेम, स्टाप डेम, फॉर्म पोंड, कंटूर बण्ड, कंटूर ट्रेंच एवं 30-40 मॉडल आदि कुल 698 संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है।

भिखारी नाला उपचार से रोजगार और सिंचाई के साधन बढ़े- भिखारी नाला के उपचार कार्य में ग्राम पंचायत लहंगर के ग्रामवासियों को 14181 दिवस (सृजित मावन दिवस) के आधार पर 95 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हुआ। उक्त निर्मित संरचना से ग्राम में लगभग 3.500 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई हो रही है। जिससे लगभग 13 से 15 किसान लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही कोडार नाला के जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन प्रदान किया गया। आज नरवा विकास योजना ने कोडार नाला के जल स्त्रोतों के उपचारित करने से भूमिगत जल स्तर में सुधार एवं मृदा क्षरण रोकने में महती भूमिका निभा रही है।

## समाचार संक्षेप

### एक सूत्रीय मांग को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारियों का 9 वें दिन भी हड़ताल जारी



**बीजापुर, 13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर भुगतान करने चुनावी जन घोषणा पत्र 2018 के वादे पूर्ण करने को लेकर जिले के लगभग 600 स्कूल सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है। जिला सचिव दुलेश्वर ठाकुर ने बताया कि शासन से हमारी वर्षों पुरानी मांग है। स्कूल में स्वीपर व सफाई कर्मचारी समस्त काम करते बदले में 2500 रुपये मिलता है, जिससे परिवार पालना मुश्किल है। सरकार कलेक्टर दर से हमें मानदेय स्वीकृत करें। स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मांझीराम कुड़ियम, सचिव दुलेश्वर ठाकुर का कहना है कि विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने का वादा किया गया था। हमें आश्वस्त किया गया कि कांग्रेस सरकार बनते स्कूलों में कार्यरत निम्न वर्ग के कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर भुगतान किया जायेगा। परन्तु अब तक हमारी मांगों को संज्ञान में नही लिया गया। बस्तर संभाग को पांचवी अनुसूची क्षेत्र घोषित किया गया है। इसलिए जिले के स्कूल सफाई कर्मचारियों को अंशकालिन से पूर्णकालिन कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाये। पांचवी अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा को दिये गये विशेषाधिकारों का पालन होना चाहिए। बीजापुर के गंगालूर मार्ग के भट्टीपारा में जिले के सैकड़ों सफाई कर्मचारी धरना प्रदर्शन पर बैठे है। जिला सचिव दुलेश्वर ठाकुर ने यह भी बताया कि 14 सितंबर को मुख्यालय में रैली व धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

### सिविक एक्शन प्रोग्राम में बांटी दैनिक उपयोग की सामग्री

**बीजापुर, 13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर एवं



गंगालूर थाने के अतिसवेंदनशील क्षेत्र में तैनात 85 वीं वाहिनी सीआरपीएफ के द्वारा अपने मुख्यालय नयापारा में दिनांक 11/09/2023 को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । श्री. जैकब वी. तुसिंग कमांण्डेन्ट 85 वीं वाहिनी के निर्देशन में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया तथा अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री जिसमें मच्छरदानी, दवाईयॉ और हैण्ड सेनेटाईजर आदि का वितरण किया गया। चिकित्सा शिविर में नयापारा एवं आस -पास के गॉव के लगभग 25 ग्रामीणों नें मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया। इस अवसर पर 85 बटा0 के डॉ0 ए0आर0 अरशद एवं डॉ0 बिस्मी एस0 मोहम्मद चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा मुफ्त चिकित्सा जॉच कि गई और आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। इस चिकित्सा शिविर मे भाग लेने वाले अधिकांश लोगो में अनिमिया की समस्या पाई गई। उसके अलावा अन्य बिमारियों के निदान हेतु भी सभी लोगो को प्रर्याप्त मात्रा में दवाई, विटामिन एवं टॉनिक दिया गया। चिकित्सा शिविर के समापन के दौरान श्री जैकब वी. तुसिंग कमाण्डेन्ट 85 बटा0 सीआरपीएफ ने सभी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस तरह के मुफ्त चिकित्सा शिविर तथा अन्य दैनिक जरूरी चीजों के वितरण का आयोजन समय समय पर किया जाता रहेगा। वाहिनी चिकित्सालय 85 बटा0 के0रि0पु0बल के इस कार्यक्रम के दौरान श्री रितेश कुमार सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी) , श्री शैलेश कुमार, (उप कमा0) श्री नरेन्द्र सिंह (उप कमाण्डेंट) एवं अधिनस्थ अधिकारीगण और जवान उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**बीजापुर, 13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। जिसमें साप्ताहिक विकास कार्यो के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई एवं उनको निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने वन अधिकार क्षेत्र में आने वाले देवगुड़ी, मातागुड़ी को पट्टा देने के कार्य में तेजी लाने की बात कही। वही बैगा, गुनिया एवं कृषि भूमिहीन मजदूरों के खाते मे राशि अंतरण की जानकारी लेने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए ।जिले में वजन त्यौहार को सुचारू रूप से जारी रखने, सुपोषण अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी एवं हितग्राहियों के घरों में पोषण बाड़ी लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मौसमी बीमारियों का समुचित उपचार करने, गांव में मलेरिया कि स्थिति होने पर दवाई छिड़काव, पॉजिटीव्ह होने पर दवाई मच्छरदानी का प्रयोग करने एवं संक्रमित क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिये।

# कम अंतर से पराजित कांग्रेस प्रत्याशियों की टिकट न काटी जाए



**रायपुर, 13 सितंबर।** पूर्व पार्षद व पूर्व जोन अध्यक्ष रमेश आहूजा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखे पत्र में कहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव में कम अंतर से हारे प्रत्याशियों की टिकिट नहीं काटे जाए। ज्ञात हो कि मंत्री रविन्द्र चौबे ने बयान दिया है कि 22 स्थानों पर पराजित पूर्व उम्मीदवारों को कांग्रेस इस बार टिकिट नहीं दी जाएगी। नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा कार्यकारी अध्यक्ष रमेश आहूजा कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला सहित जलील कबीर, डॉ. राधेश्याम अग्रवाल वेदप्रकाश मुंडेजा धमतरी के बसंत वाही, अशोक वाही, बालकृष्णवाही तथा नत्थू मल्होत्रा ने कहा है कि पिछले चुनाव में धोखेबाजी व भीतरघात के कारण कांग्रेस प्रत्याशी गुरूमुख सिंह होरा मात्र 464 वोट से हार गए थे। होरा के खिलाफ कांग्रेस के एक नेता ने बागी उम्मीदवार खड़े कर दिया था। होरा पीसीसी तथा एआईसीसीके डेलीगेट तथा चुनाव प्रचार समिति के सदस्य हैं। उन्हें फिर से टिकिट देकर चुनाव मैदान में उतारा जाना चाहिए। वे चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए सक्रिय हैं। इस बार होरा की जीत पक्की है। आहूजा ने कहा कि धमतरी में मेरे ससुराल वालों के बीस घर हैं। 20 हजार मतदाताओं में उनका प्रभाव हैं। हम जीत की गारंटी देते हैं। आहूजा ने पत्र की प्रतिलिपि विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजी है।

## एक नजर

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल



**कसडोल 13 सितंबर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवम प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी माई का विधिवत रूप से पूजा अर्चना, आरती उतारकर मत्था टेका आशीर्वाद लिए, एवम क्षेत्र के लोगो की खुशहाली सुख, शांति, समृद्धि की कामना मां दंतेश्वरी माई से की। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन द्वारा कांग्रेस के कुशासन एवम भ्रष्टाचार के खिलाफ और छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवम तरक्की के लिए मां दंतेश्वरी माई की पावन धरा दंतेवाड़ा से निकाली गई परिवर्तन यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवम प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल शामिल हुए। यात्रा में प्रदेश भाजपा के सारे वरिष्ठ नेतागण भी शामिल हुए।

इस दौरान दंतेवाड़ा के हाई स्कूल मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं के एक विशाल जनसभा को अनेक भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। सभी नेताओ ने आम नागरिकों एवम भाजपा कार्यकर्ताओं से छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवम तरक्की के लिए निकाली गई इस परिवर्तन यात्रा में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाकर इस अन्यायी , अत्याचारी , भ्रष्ट कांग्रेस शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। सभा के पश्चात प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव सहित सभी भाजपा नेताओं ने मां दंतेश्वरी माई का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर एवम हरी झंडी दिखाकर परिवर्तन यात्रा रथ को रवाना किए। आज के इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डाक्टर रमन सिंह, सुश्री लता उसेंडी,केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल , धरम लाल कौशिक, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, महेश गागड़ा, यात्रा के प्रभारी एवम विधायक शिवरतन शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, विक्रम उसेंडी, वरिष्ठ नेता प्रवीनचंद्र भंजदेव , सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेतागण एवम कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित थे।

### पत्रकारिता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारम्भ



**भाटापारा 13 सितंबर।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के हिन्दी विभाग द्वारा 12/09/2023 से 30/09/2023 तक ''पत्रकारिता प्रशिक्षण'' पर केन्द्रित मूल्य संबर्धिदत पाठ्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि संजीव तिवारी वरिष्ठ पत्रकार भाटापारा ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए पत्रकारिता के जोखिमों से सावधान रहने का संदेश दिया। प्रभारी डॉ.अनिता सरीन ने पत्रकारिता प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए अभिरूचि के साथ इसमें सहभागिता के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। डॉ.राजन तिवारी (राजनीति विज्ञान) ने अमर शहीद भगत सिंह की पत्रकारिता और पीत पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। डॉ. निधि गुप्ता ने पत्रकारिता में किन किन सावधानियों के साथ स्वस्थ्यता लायी जा सकती है, को रेखांकित किया। दीपक कुमार यादव (भौतिकशास्त्र) ने पत्रकारिता के विविध प्रकारों व्यावसायिक, खेल, राजनैतिक, शासकीय आदि पक्षों की विवेचना की। हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक राजेश द्विवेदी ने पत्रकारिता की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए माखनलाल चतुर्वेदी, गणेश शंकर विद्यार्थी आदि की त्यागशीलता का विवेचन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. उमाकांत मिश्र ने पत्रकारिता को चतुर्थ स्तंभ निरूपित करते हुए इसे गूंगे की वाणी तथा असत्य, अशिव और असुन्दर पर ''सत्यं शिवम सुन्दरम'' का ''शंखध्वनि'' बतलाया। डॉ. मनीष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कुमारी पूजा गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 35 से अधिक छात्र पंजीकृत होकर उत्साह पूर्वक प्रशिक्षण ले रहे हैं। एम.ए. तृतीय सेमे. की छात्रा कु. लीना और हर्ष ने छात्रहित में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विभागीय प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दो आरक्षक पर काम के बदले रुपया लेने का आरोप

■ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया दोनों आरक्षकों को लाइन अटैच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल 13 सितंबर।** कसडोल थाना में पदस्थ आरक्षक अनुराग कोसरिया और लोरिक शांडिल्य पर प्रार्थिओं से काम करवाने के एवज में अवैध वसूली का आरोप कसडोल नगर पंचायत के मनबोध साहू और इंद्रकुमार शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा से लिखित शिकायत किया है !

पीड़ित मनबोध साहू ने बतलाया कि उनकी नाबालिक बेटी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने वाले आरोपी के ऊपर कसडोल पुलिस ने पॉस्को एक्ट सहित धारा 376 की धारा न लगाते हुये पुलिस ने आरोपी से लेनदेन कर सामान्य 151 की धारा लगाकर छोड़ दिया गया है साथ ही पीड़ित मनबोध साहू ने आरक्षक अनुराग कोसरिया पर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को तलाशने की एवज में पहले 3 हजार रूपए की मांग किया गया फिर बेटी को लाने के बाद दस हजार की मांग की गई !आपको बता दे आरक्षक पर ये भी आरोप लगाया जा रहा हैं कि वो थाना क्षेत्र में खुद को एसपी का खास आदमी बतलाकर लगातार अवैध वसूली का काम भी कर रहा है साथ ही पूर्व में एक बार बर्खास्त भी हो चुका है।

इसके अलावा इंद्रकुमार शर्मा ने भी आरोप लगाया कि उक्त दोनों आरक्षकों ने उसके पुत्र को जेल नही भेजने की एवज में पैसों की मांग किया था जिसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की है।

इधर सूत्र बताते है कि लाईन हाजिर हुये आरक्षक लगातार अवैध वसूली में लगे रहें हैं ! सूत्र बतलाते है कि थाना में किसी भी मामले में पहुँचे प्राथिओं से बिना लेन-देन के कार्रवाई नही होता ! इधर एसएसपी के पास हुई शिकायत पर अब उक्त आरक्षकों के खिलाफ जांच प्रारंभ हो गया है।इसके अलावा कुछ दिनों पूर्व भी ग्राम अवँराई के कंसराम द्वारा एसएसपी के पास उक्त आरक्षक द्वारा 40 हजार रुपये लेने की शिकायत किया गया है ! जिसमे शिकायतकर्ता ने कहा कि 20 हजार रुपये नगद और 20 हजार रुपये किसी लवन के मोबाईल सेंटर वाले में 20 हजार रूपए फोन पे कराया गया है। बहरहाल अब जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि इनके द्वारा देश भक्ति जन -सेवा की आड़ में और कितने लोगों से अवैघ वसूली की गई है।

**शिकायत के आधार पर हो रही है जांच :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने मामले की गम्भीरता को देखते और पुलिस विभाग के नाम को बदनाम करने वाले दोनों आरक्षकों को फिलहाल लाइन अटैच कर दिया है और सभी मामलों में जांच कर दोषी आरक्षकों पर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिए हैं ! आपको बता दें अनुराग कोसरिया पूर्व में एक बार बर्खास्त हो चुके है !

> कसडोल के एक प्रार्थी द्वारा आरक्षक अनुराग कोसरिया के द्वारा पैसे लेने की शिकायत किया गया है साथ ही एक अन्य शिकायत भी मिला है जिसके आधार पर उक्त आरक्षकों को लाईन हाजिर कर एसडीओपी भाटापारा को जांच के लिए कहा गया है। आरोप सिद्ध होते ही कार्रवाई की जायेगी।
>
> **दीपक कुमार झा**
> **एसएसपी, बलौदाबाजार**

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,13 सितंबर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा के तहत विभागीय कार्यो की कामकाज की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कसडोल क्षेत्र के ग्राम अवराई,बल्दाकछार सहित अन्य ग्राम पंचायतों में जहां पर विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) के ग्रामीण निवासरत है वहां पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजन करने के निर्देश सीएचएमओ डॉ महिस्वर को दिए है। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों को भी समन्वय बनाकर कार्य करने कहा है। इसके साथ ही जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं करने के शिकायत प्राप्त हुई जिस पर कलेक्टर ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राजस्व अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की एवं ऐसे आवेदनो को समय सीमा के भीतर निराकरण करने कहा गया है। उन्होनें बैठक में आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में लेट लतिफी पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होनें दो टूक कहा कि आरबीसी 6-4 प्रकरणों से संबंधित आवेदन 48 घण्टे के भीतर ही मिलनी चाहिए। इससे आवेदक को शीघ्र आर्थिक मदद मिल सके। कलेक्टर ने आज काम में लापरवाही एवं प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर नहीं करने पर चार तहसीलदारों को कारण बताओं नाटिस जारी करते हुए कार्य में सुधार लाने की हिदायत दी है। चार तहसीलदारों में बलौदाबाजार के तहसीलदार राजू पटेल, भाटापारा तहसीलदार पेखन टोण्ड्रे, लवन तहसीलदार निवेश कोरैटी एवं सण्डी प्रभारी तहसीलदार पंकज बघेल शामिल है। उन्होंने आज बैठक में रीपा,मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, बेरोजगारी भत्ता, पौनी पसारी, जल जीवन मिशन, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर,मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक, सुराजी गांव योजना, गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार,मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना,वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की है।

### तिल्दा सासाहोली ओवरब्रिज में गड्ढे एवं अंधेरे से होती है लोगों को परेशानी



**तिल्दा नेवरा13 सितंबर।** तिल्दा नेवरा क्षेत्र के लोगों के लिए तिल्दा ससाहोली ओवरब्रिज से गुजरना अब बेहद मुश्किल हो गया है। जहां एक ओर ओवरब्रिज की सड़क पर होने वाले गड्ढों ने लोगो के लिए दिक्कत पैदा कर रखी है वहीं दूसरी ओर लाइटे बंद होने के कारण लोगो को गड्ढे व अंधेरे में जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। पिछले दिनों भाजपा ने इसके लिए धरना प्रदर्शन किया था उस समय विभाग ने गड्ढों को भरने का वादा किया था मरम्मत की भी गई लेकिन बारिश होते ही फिर से गड्ढों ने उनकी पोल खोल दी है तिल्दा से सासाहोली की ओर जाने वाले ओवर ब्रिज मे बारिश होते ही गड्ढों के कारण आने जाने में तकलीफ व खतरा साबित हो सकता है हैरानी की बात तो यह है की इस ओवर ब्रिज से हजारों की संख्या में वाहन आवाजाही करते हैं। रायपुर जिला तिल्दा नेवरा नगर जो काफी लंबे अरसे से ओवरब्रिज की मांग को लेकर शासन से गुहार लगा रहे थे ।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को न्यायालय ने सुनाया आजीवन कारावास का फैसला





**बलौदाबाजार 13 सितंबर।** थाना सुहेला क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को शादी करने का झांसा देकर, आरोपी द्वारा लगातार शारीरिक संबंध बनाया गया। तत्पश्चात शादी करने की बात पर आरोपी द्वारा घर में बंदकर नाबालिक लड़की को जान से मारने की नीयत से जहर पिलाकर जान से मारने की कोशिश करने वाले आरोपी वेदप्रकाश वर्मा पिता मनोज वर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रावन थाना सुहेला को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (स्न्रज्ञस्ष्ट) न्यायाधीश (पाक्सो) भाटापारा श्रीमती किरण त्रिपाठी ने आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

थाना सुहेला क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय अस्पताल सुहेला से दिनांक 03.02.2022 को प्रस्तुत अस्पताली मेमो के आधार पर थाना सुहेला में रिपोर्ट दर्ज किया गया, कि एक नाबालिक बालिका के साथ आरोपी वेदप्रकाश वर्मा द्वारा लगातार संभोग किया गया है तथा शादी करने की बात पर आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को घर में बंदकर जहर पिलाकर जान से मारने की कोशिश की गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना सुहेला में धारा 376(छ्व), 307,342,201,34 भादवि पाक्सो की धारा 06 एवं 3(2) (ड्ड) स्न्ञ,स्ह्ल,ष्ट्ञ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में प्रारंभिक जांच एवं विवेचना कार्यवाही सहायक उप निरीक्षक पवन सिन्हा द्वारा किया गया, तत्पश्चात नाबालिग बालिका के अनुसूचित जाति वर्ग के होने से तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक भाटापारा श्री सिद्धार्थ बघेल द्वारा प्रकरण विवेचना मे लेकर जप्ती, नक्शा, मुलाहिजा, गवाहों के बयान लेखबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर, संपूर्ण विवेचना उपरांत प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुआ।

संपूर्ण जांच एवं विवेचना पश्चात तथा अन्य गवाहों के बयान दर्ज होने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (स्न्रज्ञस्ष्ट) श्रीमती किरण त्रिपाठी ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपी द्वारा किया गया अपराध सिद्ध होना पाया और अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी वेद प्रकाश वर्मा को धारा 376(छ्व) भादवि एवं पाक्सो की धारा 06 में आजीवन कारावास व 5000/- जुर्माना तथा एसटीएससी की धारा 3(2)(ड्ड) में भी आजीवन कारावास एवं ?5000 के दंड से दंडित किये जाने का आदेश प्रदान किया गया है। संपूर्ण प्रकरण की विवेचना तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक भाटापारा श्री सिद्धार्थ बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक पवन सिन्हा द्वारा किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### यात्रियों के बीच चलाया गया जनजागरण अभियान



**भाटापारा 13 सितंबर।** लगातार रद्द होती ट्रेन ,स्टॉपेज की कमी, स्टेशन में सुविधाओं का अभाव, यात्री किराया में बढ़ोतरी, रेलवे के निजीकरण का षड्यंत्र आदि मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील महेश्वरी ने मोदी सरकार के विरुद्ध भाटापारा रेलवे स्टेशन में प्रदर्शन करते हुए ट्रेन में आवागमन करने वाले यात्रियों के बीच जन जागरण कार्यक्रम चलाया। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ,÷जनता की रोक दी रेल अडानी के लिए आल इस वेल÷ का नारा लेकर का नारा लेकर हम लोग रेलवे यात्रियों के बीच जन जागरण का कार्यक्रम चल रहे हैं। माहेश्वरी ने आगे कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर 22 ट्रेन छत्तीसगढ़ में रद्द की गई थी। लगातार ट्रेन अपने समय पर नहीं चल रही है। अडानी की कंपनी के माल गाड़ियों को यात्री गाड़ी रोककर जगह दिया जाता है।

माहेश्वरी ने आगे कहा कि मोदी सरकार अन्य उपक्रमों की तरह रेलवे को भी बेचने में लगी हुई है। जनता रेलवे से परेशान है मोदी सरकार में बुजुर्गो को मिलने वाली छूट को समाप्त कर दिया गया, छात्रों को मिलने वाली रियायत समाप्त कर दी गई ,किराया में बेतहाशा वृद्धि हुई, प्लेटफार्म की टिकट कई गुना महंगी हो गई,।

सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्री माहेश्वरी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन दिया सभी प्लेटफार्म में घूम-घूम का यात्रियों से मिले जिन ट्रेनों का आवागमन हो रहा था उनके कोच में चढ़कर हैंड माइक के माध्यम से आम जनता को जन जागरण कार्यक्रम चलाया। इस संबंध में हैंड बिल भी बांटे गए।

पार्षद गेंदू साव,राजेंद्र वर्मा, अयूब बाठिया,शैलेंद्र अहिवार, नानू सोनी,अकीब मेमन,गिरीश परप्याणी सादाब जलियावाला , अलताब,ईश्वर सेन ,प्रमिला साहू ,लक्ष्मी पांडेय,कुमारी जांगड़े ,निर्मला कोसले,आशा ध्रुव,पार्वती ध्रुव, सीमा रात्रे, पूरनीमा श्रीवास, आदि सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### भाजपा की बैठक में मांगे गए सुझाव



**तिल्दा-नेवरा 13 सितंबर।** व्यापारियों ने छत्तीसगढ़ में व्यापारियों के विकास एवं उनकी समस्याओं के लिए व्यापारी विकास बोर्ड बनाने की मांग की इसे घोषणा पत्र में शामिल करने को कहा सालो से पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता को ही टिकट देने की मांग की गई। तिल्दा नेवरानीय विश्रामगृह सासाहोली में मंगलवार को शहर भाजपा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रवासी विधायक बुद्धराय टुडू पश्चिम बंगाल उपस्थित यहां बैठक ली , जहां पर भाजपा के पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव रखे बैठक में विधायक बुद्धराय टुडू ने भाजपाइयों को संबोधित किया। साथ ही आवश्यक विचार-विमर्श एवं चर्चा भी की गई, जहां पर तिल्दा नेवरा शहर भाजपा मंडल के पदाधिकारी व भाजपाइयों ने एवं उपस्थित पार्षदों, बूथ अध्यक्षों ने तिल्दा-नेवरा क्षेत्र से ही बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशी घोषित करने की मांग की। हर कार्यकर्ता ने अपना सुझाव दिया कुछ भाजपा संगठन से जुड़े व्यापारियों ने छत्तीसगढ़ में व्यापारियों के विकास एवं उनकी समस्याओं के लिए व्यापारी विकास बोर्ड बनाने की मांग की और इसे आगामी चुनाव में घोषणा पत्र में शामिल करने का सुझाव दिया ऐसे ही कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता को ही टिकट मिले जो सारे कार्यकर्ताओं को साथ लेके चले तिल्दा के कुछ पदाधिकारियों ने तिल्दा नेवरा से टिकट देने की मांग की है।

### पशु नस्ल सुधार के लिए गांव में छोड़ा गया सांड

**अंवरी 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के महत्व कांक्षी योजना के तहत पशु के नस्ल सुधार के लिए सांड दिया गया जिसमें जनपद पंचायत कुरूद सभापति परमेश्वरी साहू के प्रयास से पशु नस्ल सुधार योजना के तहत ग्राम पंचायत जोरातराई के किसान भगुन रात्रे के नाम से उसे सांड के प्राप्ति हुआ जिसे गांव के सहडा देव में विधिवत पूजा कर सांड को त्रिशूल चिन्ह बनाकर गांव में छोड़ा गया, जिसमें गाँव के सरपंच खिलावन पाल, महेंद्र साहू ग्राम पटेल, सुदामा राम साहू ,मानक लाल साहू ,चुरामन साहू, धनसाय साहू ,भानु प्रताप साहू, सुरेंद्र यदु ,बीरू राम साहू ,भगुन रात्रे, घसीया राम कुर्रे ,महेतृ राम साहू, गोपालसिंह, चंदू राम एवं बड़ी संख्या ग्रामीण जन की उपस्थिति में पूजा पाठ कर सांड को गांव में छोड़ा गया।


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अजीज (MOHAMMED AZIZ) पिता मोहम्मद जहीरुद्दीन निवासी वार्ड नं. 23, मस्जिद के पीछे, कोटा रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं। कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अब्दुल अजीज (ABDUL AJIJ) पिता मोहम्मद जहीरुद्दीन रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम अब्दुल अजीज (ABDUL AJIJ) पिता मोहम्मद जहीरुद्दीन से ही जाना पहचाना जावे।

**अब्दुल अजीज**
**( ABDUL AJIJ )**
**वार्ड नं. 23, मस्जिद के पीछे,**
**कोटा रायपुर ( छ.ग. )**



**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 2023070945000217**

विषय: - अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
**रामाटोला ( प ह न. 00012 ),**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार- योगेश साहू,**
**अनावेदक पक्षकार- भागचंद**

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार साहू पिता पोषण कुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम रामाटोला तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अनावेदक वसीयतकर्ता भागचंद पिता कृपाराम जाति तेली के नाम पर ग्राम रामाटोला में ख.नं. 461/4, 464/1 रकबा क्रमश- 0.230, 0.101 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर उप पंजीयक कार्यालय डोगरगढ़ में दिनांक 06.06.2022 को पंजीयन आवेदक के दादा जी द्वारा आवेदक योगेश कुमार साहू पिता पोषण कुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम रामाटोला तहसील लाल बहादुर नगर के पक्ष में निष्पादित किया गया है। अत: उक्त पंजीकृत दान पत्र के आधार पर प्रमाणीकरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर या आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19.09.2023 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार, लाल बहादुर नगर**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202309092200005**

विषय: - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
**देवकट्टा प.ह.न. 00018 [ ( हे. ) ]**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार- नारायण,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण पिता रामदयाल जाति सतनामी निवासी ग्राम देवकट्टा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवकट्टा प.ह.न. 18. रा.नि.म. बेलगाँव तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 307 में ख.न. 701 रकबा 0.251 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.251हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में नारायण पिता रामदयाल, परनिया पति रामदयाल दोनों जाति सतनामी दोनों सा. देवकट्टा के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अत: उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, शपथ पत्र, थाना में सूचना की प्रति, आदेय प्रमाण पत्र आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.09.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार, डोंगरगढ़**



**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला - राजनांगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र./ ई-कोर्ट नंबर- 202308092100051**
**अ/6 'अ'वर्ष 2022-23**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश पिता सुकालू जाति लोधी कृषक ग्राम द्वारा निवासी सिरसा रोड़ कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने शामिलात नाम से ग्राम ढारा प.ह.नं. 03 रा.नि.म. मोहारा में भूमि खसरा नं. 986 रकबा 2.485 हे. भूमि स्थित है। आवेदक के ऋण पुस्तिका में भी दर्ज है, उक्त भूमि खसरा नं. 986 के ऑनलाईन रिकार्ड बी 1, नक्शा, एवं खसरा में उसका रकबा 2.495 हे. दर्ज है, जो कि पूर्णत: त्रुटिपूर्ण है, उक्त भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड नक्शा एवं खसरा उसके किसान किताब में दर्ज रकबे के अनुसार दर्ज किया जाना न्यायसंगत होगा। अत: उक्त भूमि खसरा नं. 986 रकबा 2.485 हे. भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड उसके किसान किताब के अनुसार राजस्व रिकार्ड/ऑनलाईन रिकार्ड में दुरुस्त करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/09/2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...............................
**अ/6 वर्ष 2022-2023**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता यादव पिता प्रभू लाल यादव जाति यादव निवासी वार्ड नंबर 15 बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ. ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित भूमि शीट कमांक 06 भूखण्ड क्रमांक 1689/2 क्षेत्रफल 448 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत उप पंजीयक डोंगरगढ़ के द्वारा दिनांक 11/08/2023 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदिका क्रय की गई भूमि को अपने नाम से नामांतरण कर राजस्व रिकार्ड, दुरुस्त किये जाने का निवेदन किया गया है ।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 18/09/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं नजूल अधिकारी, डोंगरगढ़**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम**

**ईश्तहार**

**अ/2.वर्ष 2022-23**
**ई-कोर्ट नंबर- 202309083300025**
**क्रमांक/577/अ.वि.अ./ प्रवा./2023**
**सहसपुर लोहारा, दिनांक 11/09/23**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगढ़ स.लोहारा को सूचित किया जाता है, कि आवेदक आदेश पाण्डेय पिता विजय कुमार पाण्डेय, निवास का पता स.लोहारा, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ के द्वारा अपने निजी स्वामित्व की भूमि ग्राम स.लोहारा प.ह.नं.-09, रा.नि.म. स.लोहारा, तहसील-सहसपुर लोहारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 924/26 रकबा 0.014 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 25/9/2023 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

**जारी दिनांक-11/09/2023**
**पेशी दिनांक -25/09/2023**

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ), सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम**



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा, छ.ग.**
**(जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला-सुकमा)**
**''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना''**

नि.क्र. 233,234, 235, 236,237/ नि.प्र./जे जे एम/ डी. डब्ल्यू. एस. एम./ लो.स्वा.यां.ख./सुकमा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम योजनांतर्गत निर्धारित शेड्यूल अनुसार पाईपलाईन विस्तार, उच्च स्तरीय जलटंकी निर्माण, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय आदि कार्यों हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | निविदा क्र./ सिस्टम क्रमांक | लागत (लाख में) | ग्राम/विकासखण्ड/ रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 233/143325 | 47.09 | भट्टीगुढ़ा/कोण्टा/दशम निविदा |
| 2 | 234/143326 | 42.32 | रायगुढ़ा/कोण्टा/दशम निविदा |
| 3 | 235/143327 | 115.49 | जगरगुंडा/कोण्टा/दशम निविदा |
| 4 | 236/143329 | 103.75 | कोकरपाल/कोण्टा/दशम निविदा |
| 5 | 237/143330 | 40.15 | कन्हाईगुढ़ा/कोण्टा/दशम निविदा |

नोट:- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 25.09.2023 तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ,खण्ड**
**सुकमा**

जी-05244/7

# सिंगल नाम वाली सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय

## कांग्रेस केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी ने लगाई मुहर

**रायपुर,13 सितंबर।** नई दिल्ली में आज केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में इस साल जिन राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं उसके लिए अधिकांश नाम तय कर लिए गये हैं।छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कई नामों पर मुहर लगाए गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमेटी ने सिंगल नाम वाली 160 सीटों पर नामों को अपनी मंजूरी दे दी है। बताया जाता है कि जिन सीटों के लिए नामों के पैनल बनाए गये हैं। उन पर बाद में विचार किया जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची जारी करने में जल्दबाजी नहीं करेगी। बीजेपी की दूसरी सूची का इंतजार किया जाएगा। बताया जाता है कि आज तय किये गये नामों की सूची सीईसी को सौंप दिया जाएगा। अंतिम निर्णय सीईसी को लेना है।

### भाजपा की बैठक आज

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज बीजेपी मुख्यालय में होगी। पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में इसी साल नवंबर-दिसंबर मे होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियां प्रमुख दलों ने शुरू कर दी हैं। इसी के मद्देनजर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक आज शाम को पार्टी मुख्यालय में बुलाई गई है। इस बैठक में पार्टी की रणनीति और उम्मीदवारों के नामों पर विचार हो सकता है। बता दें कि शाम 6 बजे होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत प्रदेश के चुनाव प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्षअरुण साव और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल होंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रत्याशियों के नाम को लेकर चर्चा होगी।

बैठक के बाद छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी की दूसरी सूची जारी होगी। हालांकि यह सीईसी की बैठक है लेकिन भाजपा में हर चुनाव को लेकर सबकुछ पीएम मोदी और अमित शाह ही तय कर रहे हैं। यहां तक राज्यों के चुनाव पीएम मोदी के नाम पर लड़े जा रहे हैं। अभी यूपी के घोसी उपचुनाव में भाजपा ने पीएम मोदी के नाम पर वोट मांगे। हालांकि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों में नरेंद्र मोदी, अमित शाह के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, धर्मेंद्र प्रधान और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

# पोला पर्व को लेकर अंचल में उत्साह का माहौल

**रायपुर, 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व पोला कल धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। अंचल में इस पर्व का खास महत्व होता है। किसान और उसके बैल एक-दूसरे के पूरक होते हैं, यह पर्व इसी बात का संदेश देता है। किसानों का पशुधन के प्रति अपना आभार जताने का यह अनूठा पर्व है।

छत्तीसगढ़ में इस पर्व का खास महत्व होता है, किसानों को इस वर्ष का खासा इंतजार रहता है। भारत देश वैसे भी कृषि प्रधान देश है, छत्तीसगढ़ में भी अधिकांश भागों पर खेती-किसानी का ही काम होता है। ऐसे में अपने पशुधन के प्रति आभार जताने का यह पर्व कई मायनों में खास बन जाता है। प्रतिवर्ष भादो मास की अमावस्या तिथि को यह पर्व मनाया जाता है।

छत्तीसगढ़ के अलावा यह पर्व प्रमुख रूप से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में मनाया जाता हैं। पोला पर्व को मोठा पोला और तनहा पोला के नाम से भी जाना जाता है। पोला पर्व भादो अमावस्या के दिन बैल और गाय की रस्सियां खोल दी जाती है और उनके पूरे शरीर में हल्दी, उबटन, सरसों का तेल लगाकर मालिश की जाती है। इसके बाद पोला पर्व वाले दिन इन्हें अच्छे से नहलाया जाता है। इसके बाद उन्हें सजाया जाता है और गले में खूबसूरत घंटी युक्त माला पहनाई जाती है। राजधनी रायपुर में पोला पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। कृषक वर्ग ने इसके लिए खास तैयारियां शुरू कर दी है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पोला पर्व के अवसर पर शहर के कई स्थानों पर बैल दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।

**बाजार में विक्रय के लिए पहुंचा नादिया बैल :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाजार में पूजन के लिए नादिया बैल पहुंच चुका है। इसके अलावा बच्चियों के लिए मिट्टी के खिलौने, जांता, पोरा, चुरकी आदि पहुंच चुका है। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी याने छत्तीसगढिया इसकी खरीददारी करने बाजार में उमड़ रहे हैं। महंगाई के साथ-साथ मिट्टी के खिलौनों की कीमत भी बढ़ गई है। नादिया बैल जहां 50 से 100 रूपए जोड़ी में बिक रहा है तो वहीं बच्चों के खिलौने भी प्रति नग 5 से 10 रूपए में बिक रहा है।

## छत्तीसगढ़ में तीन नए केन्द्रीय विद्यालय खुलेंगे

**रायपुर, 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही मुंगेली, सूरजपुर और शक्ति जिले में केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे. इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से प्रस्ताव भारत सरकार को भेज दिया गया है. इसकी जानकारी रायपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रचार्या सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर ने दी। जल्द ही अस्तित्व में आएंगे विद्यालयः दरअसल, रायपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की ओर से 11 और 12 सितंबर को दो दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है. इसमें बच्चों के शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की गई. इस प्राचार्य सम्मेलन में प्रदेश के 37 केंद्रीय विद्यालय के सभी प्राचार्य शामिल हुए थे. पूरे छत्तीसगढ़ में 37 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं. पूरे प्रदेश में जिलों की बात की जाए तो 33 जिले हैं. केंद्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जल्द ही मुंगेली सूरजपुर और शक्ति जिले में केंद्रीय विद्यालय अस्तित्व में आ जाएंगे। साल भर खेल-कूद, पढ़ाई-लिखाई से संबंधित गतिविधियों के साथ ही अन्य गतिविधि के संबंध में विस्तार से चर्चा सम्मेलन में की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में फिर होगी झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए जारी की चेतावनी

**रायपुर, 13 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ में रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 24 घंटो के दौरान भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश के कई जिलों में मानसून का असर दिखेगा और इन क्षेत्रों में अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले 24 घंटो के दौरान सुरजपुर, कोरिया, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर- चांपा, बिलासपुर, कबीरधाम, बलौदाबाजार, मुंगेली, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, गरियाबंध, धमतरी, कांकेर, बालोद, कोंडागांव, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, इस दौरान गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, कोंडागांव, बस्तर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है।

## पीएम कोरोना काल में तो नहीं आए अब चुनाव की वजह से आ रहेः विकास

**रायपुर,13 सितंबर।** पीएम मोदी के दौरे को लेकर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि कोरोना के समय में जब प्रदेश की जनता परेशानी में थी, तब तो नहीं आए. अब चुनाव की वजह से छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. जनता को नासमझ समझकर उन्हें बेवकूफ बनाने का प्रयास करते हैं. परिवर्तन यात्रा के दौरान बीजेपी नेताओं-कार्यकर्ताओं के छत्तीसगढ़ महतारी और दंतेश्वरी माता के जयकारे पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि 15 साल में भाजपा ने अपने घरों को भरने का काम किया, छत्तीसगढ़ की संस्कृति के बारे में नहीं सोचा. छत्तीसगढ़ का बड़ा नाम पूरे देश में भूपेश सरकार की देन है. बीजेपी परिवर्तन यात्रा में अब छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो है. वे पहले जय श्री राम का नारा लगाते थे. चुनावी महीने में जनता को दिगभ्रमित करने के लिए भाजपा प्रपंच कर रही है. रेल रोको आंदोलन पर विकास उपाध्याय ने कहा कि रेल की बोगियां कम की जा रही हैं. रेलवे स्टेशन की स्थिति आज बद से बदतर हो गई है. 8 से 10 घंटे ट्रेन लेट हैं. पहले सीनियर सिटीजन को डिस्काउंट दिया जाता था, अब वो सब बंद कर दिया गया है. उद्योगपतियों के लिए मालवाहक ट्रेन गुजर रही है. यात्री ट्रेनों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है. हम जनता की लड़ाई लड़ रहे, इसलिए आंदोलन कर रहे हैं. प्रियंका गांधी के दौरे पर संसदीय सचिव ने कहा कि कांग्रेस भरोसे का सम्मेलन कर रही है. उसी में शामिल होने प्रियंका गांधी भिलाई, दुर्ग के दौरे पर आ रही हैं. महिलाओं को कांग्रेस ने प्राथमिकता दी है. वे हाथ से हाथ मिलाकर उन महिलाओं को संबोधित करेंगी.

## कई थाना प्रभारी सहित निरीक्षक व उपनिरीक्षकों का तबादला

**रायपुर 13 सितंबर ।** रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के तबादले किये हैं। चार थाना प्रभारी के भी तबादले किये गये हैं। दुर्गेश रावटे को जहां टिकरापारा का थाना प्रभारी बनाया गया है, वहीं लालमन साव को सरस्वती नगर, भेखलाल चंद्राकर को खमतराई, यशवंत प्रताप सिंह को मौदहापारा का टीआई बनाया गया है।

## छत्तीसगढ़ और गोंडवाना एक्सप्रेस बहाल

**रायपुर,13 सितंबर।** झांसी स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन का कार्य किए जाने के चलते पूर्व में निर्धारित तिथियों में निरस्त की गईं छत्तीसगढ़ की दो प्रमुख ट्रेन गोंडवाना एक्सप्रेस और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेनों की सेवा बहाल करने का निर्णय लिया गया है. वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन का कार्य के चलते निरस्त की गई थी. अब गाड़ी संख्या 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 15 सितंबर और तक और गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर आज से 17 सितंबर तक अपने निर्धारित समय से चलेंगी. 12410 हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस 13, 14 सितंबर को और गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस 13, 14, 15, 16 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से अपने समय से चलेंगी. रेल प्रशासन द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 4 पर 26 अगस्त से 29 सितंबर तक वॉशेबल एप्रॉन का मरम्मत कार्य किया जाना है. जिसके चलते कुछ गाड़ियों को निरस्त और कुछ का मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है. ऐसे में असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके अपनी यात्रा की शुरुआत करें.

## संस्कृत के ज्ञान से निखरता है व्यक्तित्वः ज्ञानेश शर्मा



**रायपुर 13 सितंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश तथा स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार शर्मा के संयोजन में प्रदेश स्तरीय संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण दूधाधारी वैष्णव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपारा रायपुर में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा के ज्ञान से व्यक्तित्व में निखार आता है। यह हमारी प्राचीनतम भाषा है। योग का प्रादुर्भाव भी संस्कृत से ही हुआ है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से चिरायु एवं शतायु जीवन को प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के माध्यम से संस्कृत शिक्षा का विस्तार और सुदृढ़ीकरण हुआ है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23